DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

**T.B.C.** **Test Booklet Series**

**Serial No.**

**A**

# TEST BOOKLET

## GENERAL STUDIES PAPER - I

## TEST - 1

## POLITY

**Time Allowed: Two Hours** **Maximum Marks: 150**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. There are total **150 questions** in this question booklet.
2. All questions carry **equal marks**.
3. This booklet contains both Hindi and English versions of the question and their responses.
4. **One-third Marks** will be deducted as a penalty for every given wrong answer.
5. You must write your Roll Number in the space provided at the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
6. Immediately after the commencement of the examination, you should check on your Question Booklet. Please verify that no pages or questions are missing, duplicated, unprinted, or torn. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.
7. In the event that an error arises related to printing or factual accuracy, the English version of the questions will be considered standard among the Hindi and English versions.
8. An answer sheet will be provided to you separately by the Invigilator to mark the answer. You must write your **Name, Roll No., Question Booklet Series** and other particulars in the space provided, falling which your Answer Sheet will not be evaluated.
9. Each question comprises of four responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are four circles - (A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the question you are to mark with a Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong.
11. The OMR is going to be evaluated by a computer. So, you must take extreme caution while marking in the answer sheet. Since you cannot erase the answers once marked (with a black ballpoint), please take care to mark it carefully.
12. You should not remove or tear off any sheet for the Question Booklet. You're not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the invigilator. Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
13. Violation of any of the above instructions may result in action being taken against you by the Institute.

1. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल **150 प्रश्न** हैं।
2. सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।
3. इस पुस्तिका में प्रश्न और उनके विकल्प हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में दिए गए हैं।
4. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए दंड के रूप में **एक तिहाई अंक** काटे जाएंगे।
5. इस पृष्ठ के ऊपरी भाग में निर्धारित स्थान पर अपना रोल नंबर लिखें। प्रश्न पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. परीक्षा आरंभ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जांच कर लें कि पुस्तिका में कोई भी पृष्ठ या प्रश्न बिना छपा हुआ या फटा हुआ या उनका दोहराव तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी सीरीज की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी और हिंदी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जाएगा।
8. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको पर्यवेक्षक द्वारा अलग से एक उत्तर पत्रक दिया जाएगा। निर्धारित स्थान पर आपको अपना **नाम, रोल नंबर, प्रश्न पुस्तिका सीरीज** और अन्य विवरण लिखना होगा, अन्यथा आपकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं होगा।
9. प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर- (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। आपको केवल एक सही उत्तर चुनना है और उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में अंकित करना है। आपका कुल प्राप्तांक उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पुस्तिका में, प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने चार वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं - (A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसंद के केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही वाले बॉल-पॉइंट पेन से चिह्नित करना है। यदि आप एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं तो आपका उत्तर गलत माना जाएगा।
11. ओएमआर का मूल्यांकन कंप्यूटर द्वारा किया जाएगा। इसलिए, आपको उत्तर पुस्तिका में उत्तर अंकित करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। चूंकि आप एक बार चिह्नित किए गए उत्तरों को (काले बॉलपॉइंट से) बदल नहीं सकते हैं, इसलिए कृपया इसे सावधानीपूर्वक चिह्नित करने का ध्यान रखें।
12. प्रश्न पुस्तिका से कोई भी पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। परीक्षा के दौरान प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाना मना है। परीक्षा के समापन पर उत्तर पुस्तिका पर्यवेक्षक को सौंप दें। इसके बाद, आपको प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
13. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर संस्थान द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

## BPSC PRELIMS MOCK TEST–01

1. With reference to the Charter Act 1813, consider the following statements:
   1. It ended the East India Company's trade monopoly in India, except for the tea trade and trade with China.
   2. It consolidated the sovereignty of the British Crown over the Indian territories held by the Company.
   3. The revenues of India now came under the control of the British Parliament.

   Which of the above statements is/are correct?

   A. Only 1 and 2 B. Only 2 and 3
   C. Only 1 and 3 D. 1, 2 and 3

2. Consider the following statements regarding Absolute Veto:
   1. A veto can be exercised in Private Bills.
   2. It was exercised for the Office of Profit Bill, 2006.

   Which of the statements given above is/are correct?

   A. Only 1 B. Only 2
   C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

3. **Assertion (A):** The Gram sabha is granted constitutional standing by the 73rd Amendment Act to the constitution.

   **Reason (R):** Gram Sabha was formally mentioned in the report of the Balwant Rai Mehta committee.

   A. Both A and R are true and R is the correct explanation of A
   B. Both A and R are true and R is not the correct explanation of A
   C. Assertion is True but Reason is False
   D. Assertion is False but Reason is True

4. Who said that "the Constituent Assembly alone can frame an indigenous Constitution for the country and truly and fully represent the will of the people"?

   A. Mahatma Gandhi B. Dr. B.R. Ambedkar
   C. Jawaharlal Nehru D. Annie Besant.

1. चार्टर अधिनियम, 1813 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. इसके माध्यम से चाय और चीन के साथ होने वाले व्यापार को छोड़कर, भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया गया।
   2. इसके माध्यम से कंपनी के अधिकार वाले भारतीय क्षेत्रों पर ब्रिटिश क्राउन की संप्रभुता को स्थापित किया गया।
   3. भारत का राजस्व अब ब्रिटिश संसद के नियंत्रण में आ गया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?

   A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3 D. 1, 2 और 3

2. पूर्ण वीटो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. निजी विधेयकों में वीटो का प्रयोग किया जा सकता है।
   2. इसका प्रयोग लाभ के पद विधेयक, 2006 के लिए किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

3. **कथन (A):** संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से ग्राम सभा को संवैधानिक दर्जा दिया गया है।

   **कारण (R):** बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट में ग्राम सभा का औपचारिक रूप से उल्लेख किया गया था।

   A. A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
   B. A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं है।
   C. कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है।
   D. कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

4. किसने कहा था कि "संविधान सभा अकेले ही देश के लिए एक स्वदेशी संविधान बना सकती है और यह सही मायने में और पूरी तरह से लोगों की इच्छा का प्रतिनिधित्व कर सकती है"?

   A. महात्मा गांधी B. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
   C. जवाहरलाल नेहरू D. एनी बेसेंट

5. According to the constitution of India which of the following is/are ground for disqualification of membership of the State Legislature:
1. He is an undischarged insolvent.
2. He must not have any interest in government contracts, works or services.
3. He must not have been dismissed from government service for corruption.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1 B. Only 1 and 2
C. 1, 2, and 3 D. None of the above

5. भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा/से राज्य विधानमंडल की सदस्यता की अयोग्यता का आधार है/हैं:
1. वह एक अनुन्मोचित दिवालिया हो।
2. उसे सरकारी ठेकों, कार्यों या सेवाओं में कोई रुचि नहीं होनी चाहिए।
3. उसे भ्रष्टाचार के आरोप में सरकारी सेवा से बर्खास्त नहीं किया गया हो।

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. 1, 2, 3 D. इनमें से कोई नहीं

6. Consider the following events and arrange them in correct chronological order, from the first to the last activity:
(I) Appointment of the Drafting Committee.
(II) Adopted and enacted the Constitution of India.
(III) The date of commencement of the Constitution of India.
(IV) First meeting of the Constituent Assembly.

Choose the correct options from the codes given below-

A. (IV) (I) (II) (III) B. (I) (II) (IV) (III)
C. (IV) (I) (III) (II) D. (III) (II) (I) (IV)

6. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए और उन्हें पहले से अंतिम गतिविधि के सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए:
(I) प्रारूप समिति की नियुक्ति।
(II) भारत के संविधान को अपनाया और अधिनियमित किया।
(III) भारत के संविधान के प्रारंभ होने की तिथि।
(IV) संविधान सभा की पहली बैठक।

A. (IV) (I) (II) (III) B. (I) (II) (IV) (III)
C. (IV) (I) (III) (II) D. (III) (II) (I) (IV)

7. The Governor of a state performs which of the following functions?
1. He/She exercises executive, legislative and judicial powers only.
2. He/She has to always act with the aid and advice of the council of ministers.
3. He/She has the power to appoint and remove the members of the state finance commission.

Which of the statements given above are correct?

A. 1 and 2 Only B. 2 and 3 Only
C. 3 Only D. None of the above

7. किसी राज्य का राज्यपाल निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य करता है?
1. वह केवल कार्यकारी, विधायी और न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करता है।
2. उसे हमेशा मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से कार्य करना होता है।
3. उसके पास राज्य वित्त आयोग के सदस्यों को नियुक्त करने और हटाने की शक्ति है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. Which of the following has been added to the scope of the Right to Life (Article 21) by the Supreme Court?
1. Right to receive minimum wages
2. Right to guaranteed employment for 100 days in a year
3. Right to live with dignity
4. Right to livelihood

Select the correct answer using the codes given below:

A. Only 1 and 3 B. Only 3 and 4
C. Only 1, 2 and 3 D. 1, 2, 3 and 4

8. सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से किसे जीवन के अधिकार (अनुच्छेद 21) के दायरे में जोड़ा है?
1. न्यूनतम वेतन प्राप्त करने का अधिकार
2. साल में 100 दिन रोजगार की गारंटी का अधिकार
3. सम्मान से जीने का अधिकार
4. आजीविका का अधिकार

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1 और 3 B. केवल 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 3 D. 1, 2, 3 और 4


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com
KGS IAS

9. In the Government of India Act 1919, the functions of the Provincial Government were divided under the subjects Reserved and Transferred. Which of the following were considered 'Reserved' subjects?

1. Administration of Justice
2. Local Self Government
3. Land Revenue
4. Police

Select the correct answer using the code given below

A. 1, 2, and 3 B. 2, 3, and 4
C. 1, 3, and 4 D. 1, 2, and 4

10. Which among the following participate in the election of the President of India?

1. The nominated members of both the Houses of Parliament.
2. The elected members of the Legislative Assemblies of the States.
3. The nominated members of the State Legislative Assemblies.
4. The elected members of the Legislative Assemblies of the Union Territories.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1, 2 and 3 B. Only 2 and 4
C. Only 1, 2 and 4 D. 1, 2, 3 and 4

11. Consider the following statements regarding the features of the 74th Amendment Act of 1992:

1. The Governor of a specific state may direct that the provisions of the Act be modify as per his discretion.
2. The state legislature may make provisions with respect to the maintenance of accounts by municipalities.
3. The act does not provide for any specific time period for any municipality.

Which of the statements given above is/are correct?

A. 1 Only B. 2 Only
C. 2 and 3 Only D. 1, 2 and 3

9. भारत सरकार अधिनियम, 1919 में प्रांतीय सरकार के कार्यों को आरक्षित एवं हस्तांतरित विषयों के अंतर्गत विभाजित किया गया था। निम्नलिखित में से किसे 'आरक्षित' विषय माना जाता था?

1. न्याय का प्रशासन
2. स्थानीय स्वशासन
3. भू-राजस्व
4. पुलिस

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए -

A. 1, 2 और 3 B. 2, 3 और 4
C. 1, 3 और 4 D. 1, 2 और 4

10. निम्नलिखित में से कौन भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन में भाग लेता है?

1. संसद के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्य।
2. राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य।
3. राज्य विधान सभाओं के मनोनीत सदस्य।
4. केंद्र शासित प्रदेशों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य।

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. केवल 1, 2 और 3 B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 2 और 4 D. 1, 2, 3 और 4

11. 1992 के 74वें संशोधन अधिनियम की विशेषताओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. किसी विशिष्ट राज्य के राज्यपाल यह निर्देश दे सकते हैं कि अधिनियम के प्रावधानों को उनके विवेक के अनुसार संशोधित किया जा सकता है।
2. राज्य विधायिका नगर पालिकाओं द्वारा खातों के रखरखाव के संबंध में प्रावधान कर सकती है।
3. यह अधिनियम किसी भी नगर पालिका के लिए किसी विशिष्ट समय अवधि का प्रावधान नहीं करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. केवल 2 और 3 D. 1,2 और 3

**12.** Which of the following best describes the term "Judicial dynamism"?

A. It implies that the role of judges should be scrupulously limited.

B. It requires a Judge, who has been appointed to hear and determine a case, to stand down from that case.

C. It requires NGOs to fight cases of downtrodden sections of society.

D. The assertive role played by the judiciary to force the other two organs of the government, legislature and executive, to discharge their constitutional duties.

**12.** निम्नलिखित में से कौन "न्यायिक गतिशीलता" शब्द का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. इसका तात्पर्य यह है कि न्यायाधीशों की भूमिका ईमानदारी होनी चाहिए।

B. इसमें एक न्यायाधीश को, जिसे किसी मामले की सुनवाई और निर्धारण के लिए नियुक्त किया गया है, उस मामले से अलग करना होता है।

C. इसके अंतर्गत समाज के दलित वर्गों के केस को लड़ने के लिए गैर सरकारी संगठन की आवश्यकता होती है।

D. सरकार के अन्य दो अंगों, विधायिका और कार्यपालिका को अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए न्यायपालिका द्वारा निभाई गई मुखर भूमिका।

**13.** Under which Article of the Constitution of India, a Bill which levies tax without the recommendation of the President cannot be introduced in the legislature?

A. Article 117 B. Article 266

C. Article 306 D. Article 307

**13.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति की अनुशंसा के बिना कर लगाने वाला विधेयक विधानमंडल में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है?

A. अनुच्छेद 117 B. अनुच्छेद 266

C. अनुच्छेद 306 D. अनुच्छेद 307

**14.** Consider the following statements with reference to the "PESA Act of 1996":

1. The central government may nominate such Scheduled Tribes which have no representation in the Panchayat at the intermediate level or the Panchayat at the district level.
2. Every village shall have a Gram Sabha consisting of persons whose names are included in the electoral rolls for the Panchayat at the village level.
3. The prior recommendation of the Gram Sabha or the Panchayats at the appropriate level shall be mandatory for the grant of concession for the exploitation of minor minerals by auction.

Which of the statements given above are correct?

A. 1 and 2 Only B. 2 and 3 Only

C. 1 and 3 Only D. 1, 2 and 3

**14.** "पेसा अधिनियम 1996" के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. केंद्र सरकार ऐसी अनुसूचित जनजातियों को नामांकित कर सकती है जिनका मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत या जिला स्तर पर पंचायत में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।
2. प्रत्येक गांव में एक ग्राम सभा होगी जिसमें ऐसे व्यक्ति शामिल होंगे जिनके नाम ग्राम स्तर पर पंचायत के लिए मतदाता सूची में शामिल हैं।
3. नीलामी द्वारा गौण खनिजों के दोहन हेतु रियायत देने हेतु ग्राम सभा अथवा उचित स्तर पर पंचायतों की पूर्व अनुशंसा अनिवार्य होगी।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3 D. 1, 2 और 3

**15.** Consider the following statements regarding Speaker of the Assembly:

1. He resigns by writing to Chief Minister.
2. He is the final interpreter of rules of procedure and conduct of business of assembly.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2

C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**15.** विधानसभा अध्यक्ष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस्तीफा देता है।
2. वह विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों का अंतिम व्याख्याता होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2



KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com

KGS IAS

**16.** Match List-I with List-II and select the correct answer with the help of the code given at the bottom of the lists.

| List I | List II |
|---|---|
| a. Part XV of the Constitution | 1. Emergency Provisions |
| b. Part XVI of the Constitution | 2. Official Language |
| c. Part XVII of the Constitution. | 3. Special provisions with respect to certain sections. |
| d. Part XVIII of the Constitution | 4. Electoral |

A. a-3,b-4,c-1,d-2 B. a-4,b-3,c-2,d-1
C. a-1,b-2,c-3,d-4 D. a-2,b-1,c-4,d-3

**16.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| **a.** संविधान का भाग XV | 1. आपातकालीन प्रावधान |
| **b.** संविधान का भाग XVI | 2. राजभाषा |
| **c.** संविधान का भाग XVII. | 3. कुछ वर्गों के संबंध में विशेष प्रावधान |
| **d.** संविधान का भाग XVIII | 4. चुनाव |

A. a-3,b-4,c-1,d-2 B. a-4,b-3,c-2,d-1
C. a-1,b-2,c-3,d-4 D. a-2,b-1,c-4,d-3

**17.** Consider the following statements:

1. The judges of a high court are appointed by the Governor.
2. The Constitution does not specify the strength of a high court and leaves it to the discretion of the Parliament.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**17.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
2. संविधान उच्च न्यायालय की शक्ति को निर्दिष्ट नहीं करता है और इसे संसद के विवेक पर छोड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**18.** The Preamble of the Constitution of India aims to ensure that all its citizens

1. Social and Economic Justice
2. Freedom of Thought and Expression
3. Equality of Opportunity
4. Dignity of the individual

Choose the correct answer from the following codes.

A. 1 and 2 only B. 1, 2 and 3 only
C. 2, 3 and 4 only D. 1,2,3 and 4

**18.** भारतीय संविधान की उद्देशिका का लक्ष्य है अपने सभी नागरिकों को

1. सामाजिक एवं आर्थिक न्याय सुनिश्चित करना
2. विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना
3. अवसर की समानता सुनिश्चित करना
4. व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करना

निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए

A. केवल 1 और 2 B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4 D. 1,2, 3 और 4

**19.** Consider the following statements regarding "Delimitation Commissions":

1. Commissions have been constituted 5 times so far.
2. Orders of the commission cannot be questioned before any court of law.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**19.** "परिसीमन आयोग" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अब तक 5 बार आयोग का गठन किया जा चुका है।
2. आयोग के आदेशों को किसी भी न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 D. न तो 1, न ही 2

**20.** Consider the following statements with reference to Judiciary of India:

1. The President can appoint a judge of the Supreme Court as an acting Chief Justice of India.
2. With the previous consent of the president, the Chief Justice of India can appoint a judge of a High Court as an ad hoc judge of the Supreme Court for a temporary period.
3. The retired judge who is acting as a judge of the Supreme Court for a temporary period will enjoy all the jurisdiction, powers and privileges of a judge of the Supreme Court.

Which of the statements given above are correct?

A. 1 and 2 Only
B. 2 and 3 Only
C. 1 and 3 Only
D. 1, 2 and 3

**21.** Consider the following statements, regarding president's veto power:

1. A Constitutional Amendment Bill can only be assented.
2. The President has more Veto power regarding the Ordinary Bill as compared to the Money Bill.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1
B. Only 2
C. Both 1 and 2
D. Neither 1 nor 2

**22.** In which of the following cases, the Supreme Court held that the Preamble is a part of the Constitution?

A. Union of India vs. Dr. Kohli
B. Banarasi Das vs. State of U.P.
C. Lic Of India Case 1995
D. Berubari Union Case 1960

**23.** Which of the following organizations/departments is presided by the President of India?

A. Indian Red Cross Society
B. Department of Atomic Energy
C. National Legal Services Authority
D. Defense Research and Development Organization

**20.** भारत की न्यायपालिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को भारत के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकता है।
2. राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, भारत का मुख्य न्यायाधीश किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अस्थायी अवधि के लिए सर्वोच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकता है।
3. सेवानिवृत्त न्यायाधीश जो अस्थायी अवधि के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे हैं, उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के सभी अधिकार क्षेत्र, शक्तियों और विशेषाधिकारों का लाभ मिलेगा।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**21.** राष्ट्रपति की वीटो शक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह संविधान संशोधन विधेयक को केवल अनुमोदित कर सकता है।
2. राष्ट्रपति के पास धन विधेयक की तुलना में साधारण विधेयक के संबंध में अधिक वीटो शक्ति होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**22.** निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि प्रस्तावना संविधान का एक भाग है?

A. भारत संघ बनाम डॉ. कोहली
B. बनारसी दास बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
C. एलआईसी ऑफ इंडिया मामला 1995
D. बेरुबारी यूनियन केस 1960

**23.** निम्नलिखित में से किस संगठन/विभाग की अध्यक्षता भारत के राष्ट्रपति करते हैं?

A. इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी
B. परमाणु ऊर्जा विभाग
C. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
D. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com

**24.** With reference to the Judiciary of India, Consider the following statements:
1. The term "Contempt of court" has been defined by the Contempt of Court Act of 1971.
2. Article 129 grants the High Court the power to punish for contempt of itself.
3. The purpose of contempt jurisdiction is to uphold the dignity of the judiciary.

Which of the above statements is/are correct?

A. Only 1 B. Only 1 and 3
C. Only 1 and 2 D. All of the above

**24.** भारतीय न्यायपालिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. "न्यायालय की अवमानना" शब्द को न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 द्वारा परिभाषित किया गया है।
2. अनुच्छेद 129 उच्च न्यायालय को अपनी अवमानना के लिए दंडित करने की शक्ति प्रदान करता है।
3. अवमानना क्षेत्राधिकार का उद्देश्य न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखना है।

उपर्युक्त कथनों में से किसने सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 3
C. केवल 1 और 2 D. उपर्युक्त सभी

**25.** Consider the following statements:
1. The Parliament of India can add a particular law to the Ninth Schedule of the Constitution of India.
2. The validity of any law enshrined in the Ninth Schedule cannot be tested by any court and no decision can be taken thereon.

Which of the above statements is/are correct?

A. 1 only B. 2 only
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**25.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. भारत की संसद भारत के संविधान की नौवीं अनुसूची में एक विशेष कानून जोड़ सकती है।
2. नौवीं अनुसूची में निहित किसी भी कानून की वैधता का परीक्षण किसी भी न्यायालय द्वारा नहीं किया जा सकता है और न ही उस पर कोई निर्णय लिया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

**26.** Consider the following statements with reference to "Judicial review":
1. It can be defined as the power of the judiciary to examine the constitutionality of executive orders of both the Central and State governments.
2. The Supreme Court has not declared the power of judicial review as an element of basic structure of the Constitution so far.
3. The Judicial review is needed to uphold the principle of the supremacy of the Constitution.

Which of the above statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 1 and 3
C. Only 2 and 3 D. None of the above

**26.** "न्यायिक समीक्षा" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इसे केंद्र और राज्य दोनों सरकार के कार्यकारी आदेशों की संवैधानिकता की जांच करने की न्यायपालिका की शक्ति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
2. उच्चतम न्यायालय ने अब तक न्यायिक समीक्षा की शक्ति को संविधान की मूल संरचना का तत्व घोषित नहीं किया है।
3. संविधान की सर्वोच्चता के सिद्धांत को कायम रखने के लिए न्यायिक समीक्षा की आवश्यकता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3 D. इनमें से कोई नहीं

**27.** Consider the following statements:
1. The judge of the Supreme Court can be removed on the ground of proved misbehaviour.
2. The Lok Sabha must sign the motion with at least half of the majority in order to begin the removal of a Supreme Court judge.
3. The speaker/chairman is under obligation to admit the motion of removal of the judge of the Supreme Court.

Which of the statements given above are correct?

A. 1 Only B. 1 and 2 Only
C. 2 and 3 Only D. 1, 2 and 3

**27.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को सिद्ध कदाचार के आधार पर हटाया जा सकता है।
2. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए लोकसभा को कम से कम आधे बहुमत के साथ प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करना होगा।
3. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार करना स्पीकर/चेयरमैन के अधीन है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3 D. 1, 2 और 3

**28.** Consider the following pairs:

| Article | Related provision |
|---|---|
| 1. Article 158 | Appointment of the same person as Governor for two or more States |
| 2. Article 153 | Governor not holds any other office of profit |
| 3. Article 165 | Power of Governor to grant pardons |
| 4. Article 161 | Appointment of the Advocate General for the State |

Which of the above pairs is/are incorrectly matched?

A. Only 1 B. Only 1 and 4
C. Only 1,3 and 4 D. All of the above

**28.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| अनुच्छेद | संबंधित प्रावधान |
|---|---|
| 1. अनुच्छेद 158 | दो या दो से अधिक राज्यों के लिए एक ही व्यक्ति की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति |
| 2. अनुच्छेद 153 | राज्यपाल किसी अन्य लाभ का पद धारण नहीं करता है |
| 3. अनुच्छेद 165 | राज्यपाल की क्षमादान देने की शक्ति |
| 4. अनुच्छेद 161 | राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा सुमेलित नहीं है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 4
C. केवल 1,3 और 4 D. उपर्युक्त सभी

**29.** Consider the following statements with reference to the "High court":

1. All the High courts which exist today were set up under the provisions of the Indian High Courts Act, 1861
2. The Writ jurisdiction of the High court kept outside the doctrine of basic structure doctrine.
3. Under Article 220, the President may transfer a Judge from one High Court to another High Court.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 3 B. Only 2 and 3
C. Only 1 D. None

**29.** "उच्च न्यायालय" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वर्तमान में मौजूद सभी उच्च न्यायालय भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, 1861 के प्रावधानों के तहत स्थापित किए गए थे।
2. उच्च न्यायालय के रिट क्षेत्राधिकार को बुनियादी ढांचे के सिद्धांत से बाहर रखा गया है।
3. अनुच्छेद 220 के तहत, राष्ट्रपति एक न्यायाधीश को एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 3 B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 D. इनमें से कोई नहीं

**30.** Two statements are given below, in which one is called Assertion (A) and the other is called Reason (R) -

**Assertion (A):** The elements of 'continuity and change' are embodied in the nature of the Indian political system.

**Reason (R):** The Indian political system has elements of the following political styles - Modern Style, Traditional Style and Sant Style.

Select the correct answer

A. Both (A) and (R) are correct, but R is the correct Explanation of A
B. Both (A) and (R) are correct, but R is not the correct Explanation of A
C. (A) is true, but (R) is false.
D. (A) is false, but (R) is true.

**30.** नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा जाता है -

**अभिकथन (A):** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति में 'निरंतरता और परिवर्तन' के तत्व समाविष्ट हैं।

**कारण (R):** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में निम्नलिखित राजनीतिक शैलियों- आधुनिक शैली, पारंपरिक शैली और संत शैली के तत्व हैं।

सही उत्तर का चयन कीजिए

A. (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण है
B. (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
D. (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com

**31.** Consider the following statements regarding "Ordinance"-

1. It can be promulgated when either of the houses is not in session.
2. The satisfaction of the President is final and beyond judicial review.
3. It ceases to operate on the expiry of three weeks from the reassembly of Parliament.

Which of the statements given above is/are correct?

A. 1 only B. 1 and 2 only
C. 1, 2 and 3 D. None of the above

**31.** "अध्यादेश" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. इसे तब प्रख्यापित किया जा सकता है जब दोनों में से कोई भी सदन सत्र में न हो।
2. राष्ट्रपति की संतुष्टि अंतिम और न्यायिक समीक्षा से परे है।
3. संसद की पुनः बैठक के तीन सप्ताह की समाप्ति पर इसका संचालन समाप्त हो जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3 D. इनमें से कोई नहीं

**32.** Consider the following statements:

1. A Panchayat constituted upon the dissolution of a panchayat before the expiration of its duration shall serve the entire five years.
2. All the state laws relating to panchayats shall be ended with immediate effect at the commencement of the 73rd Constitutional Amendment Act (1992).
3. All the members of panchayats at the village, intermediate and district levels shall be elected directly by the people.

Which of the statements given above are correct?

A. Only 3 B. Only 2
C. Only 1 and 3 D. None of the above

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. किसी पंचायत की अवधि समाप्त होने से पहले उसके विघटन पर गठित पंचायत पूरे पांच वर्ष तक कार्य करेगी।
2. 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1992) के प्रारंभ होते ही पंचायतों से संबंधित सभी राज्य कानून तत्काल प्रभाव से समाप्त हो जायेंगे।
3. ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतों के सभी सदस्य सीधे लोगों द्वारा चुने जाएंगे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 3 B. केवल 2
C. केवल 1 और 3 D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** By definition, constitutional government means -

A. Government by legislature
B. Popular government
C. Multi-party government
D. Limited government.

**33.** परिभाषा के अनुसार संवैधानिक सरकार का अर्थ है -

A. विधायी सरकार
B. लोकप्रिय सरकार
C. बहुदलीय सरकार
D. सीमित सरकार

**34.** Consider the following statements with reference to the "Gram Nyayalayas":

1. These shall be bound by the rules of evidence provided in the Indian Evidence Act, 1872
2. They are mobile courts and shall exercise the powers of both Criminal and Civil Courts.
3. The presiding officer shall be appointed by the State Government in consultation with the High Court.

Which of the above statements given above is/are correct?

A. Only 2 and 3 B. Only 3
C. Only 1 and 3 D. 1, 2 and 3

**34.** "ग्राम न्यायालय" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ये भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में दिए गए साक्ष्य के नियमों से बाध्य होंगे।
2. ये गतिशील न्यायालय होते हैं तथा आपराधिक और सिविल न्यायालयों दोनों की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।
3. पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के परामर्श से की जायेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3 B. केवल 3
C. केवल 1 और 3 D. 1, 2 और 3

**35.** Consider the following statements:

1. The advice tendered by the Supreme court on any dispute arising out of any pre-constitution treaty is binding on the President.
2. If any question of law or fact of public importance has arisen the Supreme court may refuse to tender its opinion to the president.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**35.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. किसी भी संविधान-पूर्व संधि से उत्पन्न विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई सलाह राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी है।
2. यदि कानून या सार्वजनिक महत्व के तथ्य का कोई प्रश्न उठता है तो सर्वोच्च न्यायालय राष्ट्रपति को अपनी राय देने से इनकार कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

**36.** Consider the following statements regarding the Union and its jurisdiction.

1. India is made up of 28 states and 8 union territories.
2. India is a sovereign, secular, democratic republic with a parliamentary form of government.

Which of the above statements is/are true?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**36.** संघ और उसके अधिकार क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. भारत 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से बना है।
2. भारत संसदीय शासन प्रणाली वाला एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

**37.** In which of the following matters, the powers and status of the Rajya Sabha are equal to that of the Lok Sabha:

1. Election and impeachment of the president.
2. Approval of ordinances issued by the President.
3. Vote on the demands for grants

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 2 and 3 B. Only 1 and 2
C. Only 1 and 3 D. 1, 2 and 3

**37.** निम्नलिखित में से किस मामले में राज्य सभा की शक्तियाँ और स्थिति लोकसभा के बराबर है:

1. राष्ट्रपति का निर्वाचन और महाभियोग
2. राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेशों को मंजूरी
3. अनुदान मांगों पर मतदान

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।

A. केवल 2 और 3 B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3 D. 1, 2 और 3

**38.** A parliamentary form of government is one in which-

A. All political parties in the parliament are represented in the government.
B. Government is accountable to Parliament and can be removed by it.
C. Government is elected by the people and can be removed by them.
D. The Government is elected by the Parliament but cannot be removed before the expiry of the prescribed period.

**38.** सरकार का संसदीय स्वरूप वह है जिसमें-

A. संसद में सभी राजनीतिक दलों का सरकार में प्रतिनिधित्व होता है।
B. सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी होती है और उसे इसके द्वारा हटाया भी जा सकता है।
C. सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और उसे इनके द्वारा हटाया भी जा सकता है।
D. सरकार संसद द्वारा चुनी जाती है लेकिन निर्धारित अवधि की समाप्ति से पहले उसे हटाया नहीं जा सकता।


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com

**39.** As a federal court the Supreme Court has exclusive original jurisdiction in a few cases. This jurisdiction of the Supreme Court does *not* extend to which of the following cases?

1. A dispute arising out of any pre-Constitution treaty agreement.
2. Adjustment of certain expenses and pensions between the Centre and the states.
3. Any dispute between the Centre and any state or states on one side and one or more other states on the other side.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1 and 2 B. Only 2 and 3
C. Only 1 and 3 D. None

**40.** Original Jurisdiction means the power of a high court to hear disputes in the first instance, not by way of appeal. Which of the following is/are included under original jurisdiction of the High Court?

1. Enforcement of fundamental rights of citizens.
2. Disputes relating to the election of members of Parliament and state legislatures.
3. Cases ordered to be transferred from a subordinate court involving the interpretation of the Constitution to its own file.

Select the correct answer using the code given below-

A. Only 1 B. Only 1 and 2
C. 1, 2 and 3 D. None

**41.** Correctly match the following Union Territories with the year of their formation -

| Union Territory | Year |
|---|---|
| A. Lakshadweep | (i) 1961 |
| B. Daman and Diu | (ii) 1966 |
| C. Chandigarh | (iii) 1962 |
| D. Dadra and Nagar Haveli | (iv) 1956 |

A. A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
B. A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
C. A-(iv), B-(ii), C-(iii), D-(i)
D. A-(i), B-(iii), C- (ii), D-(iv)

**39.** एक संघीय न्यायालय के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के पास कुछ मामलों में विशेष मूल क्षेत्राधिकार होता है। सर्वोच्च न्यायालय का यह क्षेत्राधिकार निम्नलिखित में से किस मामले तक विस्तारित नहीं है?

1. संविधान-पूर्व किसी संधि समझौते से उत्पन्न विवाद।
2. केंद्र और राज्यों के बीच नियत व्यय और पेंशन का समायोजन।
3. केंद्र और किसी राज्य के बीच कोई विवाद या एक तरफ राज्य और दूसरी तरफ एक या अधिक राज्य।

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3 D. इनमें से कोई नहीं

**40.** मूल क्षेत्राधिकार का अर्थ है उच्च न्यायालय की अपील के बजाय पहली बार में विवादों को सुनने की शक्ति। निम्नलिखित में से कौन सा/से उच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत शामिल है/हैं?

1. नागरिकों के मौलिक अधिकारों का प्रवर्तन।
2. संसद और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों के निर्वाचन से संबंधित विवाद।
3. संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का आदेश देना।

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3 D. इनमें से कोई नहीं

**41.** निम्नलिखित केंद्र शासित प्रदेशों का उनके गठन के वर्ष से सुमेलित कीजिए -

| केंद्र शासित प्रदेश | वर्ष |
|---|---|
| **A.** लक्षद्वीप | (i) 1961 |
| **B.** दमन और दीव | (ii) 1966 |
| **C.** चंडीगढ़ | (iii) 1962 |
| **D.** दादरा और नगर हवेली | (iv) 1956 |

A. A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
B. A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
C. A-(iv), B-(ii), C-(iii), D-(i)
D. A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)

42. The provisions of the 73rd Constitutional Amendment Act can be grouped into two categories: compulsory and voluntary. Which of the following are part of voluntary provisions?
1. Establishment of a State Election Commission.
2. Reservation of one-third seats for women in panchayats at all the three levels.
3. Determining the manner of election of the chairperson of the village panchayat.
4. Making the grants-in-aid to the panchayats from the consolidated fund of the state.

Select the correct answer using the code given below:

A. 1 and 2 Only B. 2 and 3 Only
C. 3 and 4 Only D. 1 and 4 Only

43. Consider the following statements:
1. Presidential Impeachment charges should be passed by two-third of members that framed the charges.
2. An impeachment is a Quasi-Judicial procedure in the Parliament.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

44. Consider the following pairs:

| List I | List II |
|---|---|
| 1. Respite | Awarding a lesser sentence in place of one originally awarded |
| 2. Remission | Substitution of form of punishment |
| 3. Reprieve | Reducing the period of sentence without changing its character |

Which of the above pairs given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 1 and 2
C. Only 2 and 3 D. All of the above

45. Which of the following Supreme Court cases are related to disputes/conflicts between fundamental Rights and Directive Principles of State Policy?
1. Champakam Dorairajan Case, 1951
2. K.S.Puttaswamy Case, 2018
3. Kesavananda Bharati case, 1973
4. Golaknath case, 1967

Select the correct answer using the code given below.

A. 1, 2 and 3 B. 3 and 4 Only
C. 2, 3 and 4 Only D. 1, 3 and 4 Only

42. 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है: अनिवार्य और स्वैच्छिक। निम्नलिखित में से कौन स्वैच्छिक प्रावधानों का हिस्सा हैं?
1. राज्य चुनाव आयोग की स्थापना।
2. तीनों स्तरों पर पंचायतों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करना।
3. ग्राम पंचायत के अध्यक्ष के चुनाव की पद्धति का निर्धारण करना।
4. राज्य की संचित निधि से पंचायतों को सहायता अनुदान देना।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4 D. केवल 1 और 4

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. राष्ट्रपति पर महाभियोग के आरोप को आरोप तय करने वाले दो-तिहाई सदस्यों द्वारा पारित किया जाना चाहिए।
2. महाभियोग संसद में होने वाली एक अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

44. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| 1. विराम | मूल रूप से दी गई सजा के स्थान पर सजा को कम करना |
| 2. परिहार | सजा के स्वरूप का प्रतिस्थापन |
| 3. प्रविलंबन | दंड का स्वरूप बदले बिना सजा की अवधि कम करना |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3 D. उपर्युक्त सभी

45. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोच्च न्यायालय का मामला मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के बीच विवाद/संघर्ष से संबंधित है?
1. चंपकम दोराइराजन वाद, 1951
2. के.एस.पुट्टास्वामी वाद, 2018
3. केशवानंद भारती वाद, 1973
4. गोलकनाथ वाद, 1967

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. 1, 2 और 3 B. केवल 3 और 4
C. केवल 2, 3 और 4 D. केवल 1, 3 और 4


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com
KGS IAS

**46.** Consider the following statements regarding the Fundamental Duties of an Indian citizen:
1. They serve as a warning against anti-national and antisocial activities.
2. They help the courts in examining and determining the constitutional validity of a law.
3. They serve as a source of inspiration for the citizens.
4. They are enforceable by law.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 and 2 B. Only 2 and 3
C. Only 1,2 and 3 D. 1, 2, 3 and 4

**47.** Consider the following statements with reference to the States Reorganisation Commission, 1953:
1. Justices Fazal Ali, KM Panikkar and Hridaynath Kunzru were its members.
2. The Commission supported the partition of Bombay and Punjab.
3. As per the States Reorganisation Act, 1956, 14 States and 6 Union Territories were created.

Which of the above statements is/are correct?

A. 1, 2 and 3 only B. 1 and 2 only
C. 1 only D. 1 and 3 only

**48.** Which of the following is/are among the Fundamental Duties of citizens laid down in the Indian Constitution?
1. To prohibit the consumption of intoxicated drinks.
2. To value and preserve the rich heritage of our composite culture.
3. To uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India.
4. To safeguard public property and to abjure violence.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1, 2 and 3 B. Only 1, 2 and 4
C. Only 2, 3 and 4 D. 1, 2, 3, 4

C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**103.** लोकसभा अध्यक्ष को उसके पद से किस प्रकार हटाया जा सकता है?

A. लोकसभा के उपस्थित सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित एक प्रस्ताव द्वारा
B. लोकसभा के सभी सदस्यों के बहुमत से पारित एक प्रस्ताव द्वारा
C. प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा
D. प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर मंत्रिपरिषद द्वारा

**104.** Consider the following statements about 'zero hour':

1. It is an Indian Parliamentary innovation.
2. It provides an opportunity for the MPs to raise national issues without advance notice.
3. It is available to members of both the Houses of the Parliament.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 1 and 2
C. Only 2 and 3 D. 1, 2 and 3

**104.** 'शून्य काल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह एक भारतीय संसदीय नवप्रवर्तन है।
2. यह सांसदों को बिना अग्रिम सूचना के राष्ट्रीय मुद्दे उठाने का अवसर प्रदान करता है।
3. यह संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के लिए उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3 D. 1, 2 और 3

**105.** Consider the following statements regarding the exclusive powers of the Lok Sabha-

1. Ratifying the proclamation of emergency
2. Passing a no-confidence motion against the Council of Ministers
3. Impeachment of the President of India

Select the correct answer using the code given below:

A. 1 and 2 only B. 2 only
C. 1 and 3 only D. 3 only

**105.** लोकसभा की विशिष्ट शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. आपातकाल की उद्घोषणा का अनुमोदन करना
2. मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करना
3. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2
C. केवल 1 और 3 D. केवल 3

**106.** Consider the following statements with respect to Municipalities:

1. It is not a constitutional obligation of the state to establish an urban local body in an industrial township.
2. All the members of a municipality shall be elected directly by the people of the municipal area.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**106.** नगर पालिकाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. किसी औद्योगिक टाउनशिप में शहरी स्थानीय निकाय स्थापित करना राज्य का संवैधानिक दायित्व नहीं है।
2. नगर पालिका के सभी सदस्य प्रत्यक्ष रूप से नगर पालिका क्षेत्र के लोगों द्वारा चुने जाएंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**107.** Who among the following had a different portfolio in the first Cabinet of Independent India (1947) than the portfolio of his Interim Government (1946)?

1. Jagjivan Ram
2. Dr. Rajendra Prasad
3. C.H. Bhabha
4. Sardar Baldev Singh

Choose the correct options using the codes given below

A. 1 and 2 only B. 3 and 4 only
C. 1 and 3 only D. 3 only

**107.** स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल (1947) में निम्नलिखित में से किनका संविभाग उनकी अंतरिम सरकार (1946) के संविभाग से अलग था?

1. जगजीवन राम
2. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
3. सी.एच. भाभा
4. सरदार बलदेव सिंह

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प का चयन कीजिए:

A. केवल 1 और 2 B. केवल 3 और 4
C. केवल 1 और 3 D. केवल 3


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com

**108.** The Directive Principles of State Policy in the Indian Constitution have been taken from the Constitution of which of the following countries?

A. United Kingdom

B. United States of America

C. Ireland

D. Japan

**108.** भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत निम्नलिखित में से किस देश के संविधान से लिए गए हैं?

A. यूनाइटेड किंगडम

B. संयुक्त राज्य अमेरिका

C. आयरलैंड

D. जापान

**109.** With reference to the "Notified Area Committee", consider the following statements:

1. All its members are elected directly by the people.
2. It can be created for a fast-developing town due to industrialisation.
3. It is created as well as administered by the Central government.

Which of the statements given above is/are correct?

A. 1 and 2 Only

B. 2 Only

C. 2 and 3 Only

D. 1, 2 and 3

**109.** "अधिसूचित क्षेत्र समिति" के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसके सभी सदस्य सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं।
2. इसे औद्योगीकरण के कारण तेजी से विकसित होने वाला शहर बनाया जा सकता है।
3. इसे केंद्र सरकार द्वारा बनाया और प्रशासित किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1,2 और 3

**110.** Ad hoc judges are appointed in the Supreme Court when-

A. Some judges go on long-term leave

B. No one is available for a permanent appointment

C. There is an extraordinary increase in the cases pending before the court.

D. There is no quorum of judges for any session of the court.

**110.** सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति उस स्थिति में की जाती है, जब-

A. कुछ न्यायाधीश लंबी अवधि की छुट्टी पर चले जाते हैं

B. स्थाई नियुक्ति के लिए कोई न्यायाधीश उपलब्ध नहीं होते हैं

C. न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है

D. न्यायालय के किसी भी सत्र के लिए न्यायाधीशों का कोरम पूरा नहीं होता है

**111.** Consider the following statements with reference to the "removal of Vice-President of India":

1. The motion for removal of the Vice-President can be initiated in either House of Parliament.
2. The charges for impeachment must be supported by a special majority in the initiating House.
3. Like the President of India, the Constitution provides specific grounds for the removal of the Vice-President of India.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1

B. Only 2 and 3

C. Only 3

D. None of the above

**111.** "भारत के उपराष्ट्रपति को पद से हटाने" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उपराष्ट्रपति को पद से हटाने का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है।
2. महाभियोग के आरोपों को प्रस्ताव लाने वाले सदन में विशेष बहुमत द्वारा समर्थित होना अनिवार्य है।
3. भारत के राष्ट्रपति की तरह, संविधान भारत के उपराष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए विशिष्ट आधार का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**112.** Which of the following Directive Principles were added by the 42nd Constitution amendment?

1. To take steps to secure the participation of workers in the management of industries.
2. To protect and improve the environment and to safeguard forests and wildlife.
3. To secure opportunities for the healthy development of children.
4. To promote equal justice and to provide free legal aid to the poor.

Select the correct answer using the code given below.

A. Only 1, 2 and 3 B. Only 1 and 3
C. Only 1, 2, and 4 D. 1, 2, 3 and 4

**112.** 42वें संविधान संशोधन द्वारा निम्नलिखित में से कौन-से निदेशक सिद्धांत जोड़े गए?

1. उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना।
2. पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना तथा वनों एवं वन्य जीवों की सुरक्षा करना।
3. बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए अवसर सुरक्षित करना।
4. समान न्याय को बढ़ावा देना और गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 1, 2 और 3 B. केवल 1 और 3
C. केवल 1, 2, और 4 D. 1, 2, 3 और 4

**113.** Which jurisdiction gives the Supreme Court of India the authority to resolve conflicts between the Center and the States?

A. Appellate jurisdiction
B. Advisory jurisdiction
C. Constitutional jurisdiction
D. Original jurisdiction

**113.** कौन सा क्षेत्राधिकार भारत के सर्वोच्च न्यायालय को केंद्र और राज्यों के बीच उत्पन्न विवादों को सुलझाने का अधिकार देता है?

A. अपीलीय क्षेत्राधिकार
B. सलाहकार क्षेत्राधिकार
C. संवैधानिक क्षेत्राधिकार
D. मूल क्षेत्राधिकार

**114.** Which of the following directive principles is/are based on the Socialistic Principles?

1. Raise the level of nutrition and the standard of living of people and improve public health.
2. Promote equal justice and provide free legal aid to the poor.
3. To prohibit the consumption of intoxicating drinks and drugs which are injurious to health.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1 and 2 B. Only 2 and 3
C. Only 1 and 3 D. 1, 2 and 3

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से निदेशक सिद्धांत समाजवादी सिद्धांतों पर आधारित है/हैं?

1. लोगों के पोषण स्तर और जीवन स्तर को ऊपर उठाना और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करना।
2. समान न्याय को बढ़ावा देना और गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना।
3. स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नशीले पेय और दवाओं के सेवन पर रोक लगाना।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3 D. 1, 2 और 3

**115.** Consider the following statements regarding Directive Principles of State Policy:

1. It helps the courts to examine and determine a law's constitutional validity.
2. DPSPs are legally enforceable by the courts for their violation.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**115.** राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह अदालतों को किसी कानून की संवैधानिक वैधता की जांच और निर्धारण करने में मदद करता है।
2. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP) अपने उल्लंघन के लिए अदालतों द्वारा कानूनी रूप से लागू करने योग्य हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com
KGS IAS

**116.** Which of the following options correctly represent the states in descending order based on seats in Rajya Sabha?

A. Gujarat > Karnataka > Kerala > Odisha
B. Karnataka > Gujarat > Kerala > Odisha
C. Karnataka > Gujarat > Odisha > Kerala
D. Gujarat > Karnataka > Odisha > Kerala

**117.** Consider the following statements about Writ Petition of ‘Quo Warranto’ filed in the High Court of a State:

1. It is issued to enquire into the legality of the claim of a person to a public office.
2. It cannot be filed by one who is not an aggrieved person.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1  B. Only 2
C. Both 1 and 2  D. Neither 1 nor 2

**118.** Essentially, “Due process of law” refers to?

A. Principle of natural justice
B. The method established by law
C. Fair application of the law
D. Equality before law

**119.** The Directive Principles of State policy have been useful to India because:

1. They serve as a crucial test for the performance of the government.
2. They have helped the courts in exercising their power of judicial review.
3. They serve as a common political manifesto.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1 and 2  B. Only 2 and 3
C. Only 1 and 3  D. 1, 2 and 3

**120.** With respect to the ‘unstarred question’ asked in the Parliamentary session, consider the following statements:

1. The answer to such a question is given orally.
2. The answer to such a question is not followed by supplementary questions.

Which of the statements given above is/are incorrect?

A. Only 1  B. Only 2
C. Both 1 and 2  D. Neither 1 nor 2

**116.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प राज्यसभा में सीटों के आधार पर राज्यों के घटते क्रम को दर्शाता है?

A. गुजरात > कर्नाटक > केरल > ओडिशा
B. कर्नाटक > गुजरात > केरल > ओडिशा
C. कर्नाटक > गुजरात > ओडिशा > केरल
D. गुजरात > कर्नाटक > ओडिशा > केरल

**117.** किसी राज्य के उच्च न्यायालय में दायर ‘अधिकार पृच्छा’ रिट याचिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह किसी सार्वजनिक पद पर किसी व्यक्ति के दावे की वैधता की जांच करने के लिए जारी किया जाता है।
2. यह उस व्यक्ति द्वारा दायर नहीं किया जा सकता जो पीड़ित व्यक्ति नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1  B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों  D. न तो 1 और न ही 2

**118.** मूलतः, “विधि की सम्यक प्रक्रिया” से तात्पर्य है?

A. प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत
B. विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
C. कानून का उचित अनुप्रयोग
D. विधि के समक्ष समानता

**119.** राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत भारत के लिए उपयोगी रहे हैं क्योंकि:

1. वे सरकार के प्रदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षण के रूप में कार्य करते हैं।
2. उन्होंने अदालतों को न्यायिक समीक्षा की अपनी शक्ति का प्रयोग करने में मदद की है।
3. वे एक आम राजनीतिक घोषणापत्र के रूप में कार्य करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 1 और 2  B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3  D. 1, 2 और 3

**120.** संसदीय सत्र में पूछे जाने वाले ‘अतारांकित प्रश्न’ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ऐसे प्रश्न का उत्तर मौखिक रूप से दिया जाता है।
2. ऐसे प्रश्न के उत्तर के बाद पूरक प्रश्न नहीं पूछे जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

A. केवल 1  B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों  D. न तो 1 और न ही 2

**121.** Which one of the following committees suggested that 'the Governor should be an eminent person from outside the state, and should be a neutral person who does not have deep political affiliations or has not participated in politics in recent years'?

A. First Administrative Reforms Commission (1966)
B. Rajamannar Committee (1969)
C. Sarkaria Commission (1983)
D. National Commission to Review the Working of the Constitution (2000)

**122.** The Constitution empowers the Parliament to make laws on any matter enumerated in the State List under extraordinary circumstances. In this regard, consider the following statements:

1. The Parliament can enact laws on a matter in the State List if the legislature of one state passes resolutions requesting the Parliament to do so.
2. Such a law can be amended or repealed by the legislatures of the concerned states.
3. Not a single law has been passed so far under this provision.

How many of the above statements is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Only 3 D. None

**123.** Which of the following steps are included in general financial legislation?

1. Presentation of the budget
2. Discussion on budget
3. Passing the Appropriation Bill
4. Vote on Account
5. Passing the Finance Bill

Select the correct options using the codes given below-

A. 1, 2 and 3 only B. 1, 3 and 4 only
C. 1, 2, 3 and 4 only D. 1, 2, 3 and 5 only

**124.** Which DPSP was added by the 97th Amendment to the Constitution?

A. Equal pay for equal work for both men and women.
B. Participation of workers in the management of industries.
C. Promotion of cooperative societies.
D. Securing living wage and human conditions of work for workers.

**121.** निम्नलिखित में से किस समिति ने सुझाव दिया कि 'राज्यपाल को राज्य के बाहर का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिए, और एक तटस्थ व्यक्ति होना चाहिए जिसकी घनिष्ठ राजनीतिक संबद्धता न हो या जिसने हाल के वर्षों में राजनीति में भाग नहीं लिया हो'?

A. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (1966)
B. राजमन्नार समिति (1969)
C. सरकारिया आयोग (1983)
D. संविधान के कामकाज की समीक्षा हेतु राष्ट्रीय आयोग (2000)

**122.** संविधान संसद को असाधारण परिस्थितियों में राज्य सूची में शामिल किसी भी मामले पर कानून बनाने का अधिकार देता है। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. संसद राज्य सूची के किसी मामले पर कानून बना सकती है यदि एक राज्य की विधायिका संसद से ऐसा करने का अनुरोध करते हुए प्रस्ताव पारित करती है।
2. ऐसे कानून को संबंधित राज्यों की विधानसभाओं द्वारा संशोधित या निरस्त किया जा सकता है।
3. इस प्रावधान के तहत अब तक एक भी कानून पारित नहीं किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. केवल 3 D. कोई भी नहीं

**123.** निम्नलिखित में से कौन से चरण सामान्य वित्तीय विधायन में शामिल हैं?

1. बजट पेश करना
2. बजट पर चर्चा करना
3. विनियोग विधेयक पारित करना
4. लेखानुदान
5. वित्त विधेयक पारित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनिए-

A. केवल 1, 2 और 3 B. केवल 1, 3 और 4
C. केवल 1, 2, 3 और 4 D. केवल 1, 2, 3 और 5

**124.** संविधान में 97वें संशोधन द्वारा कौन-सा राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP) जोड़ा गया?

A. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान काम के लिए समान वेतन।
B. उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी।
C. सहकारी समितियों को बढ़ावा देना।
D. श्रमिकों के लिए जीवन निर्वाह मजदूरी और काम की मानवीय स्थितियाँ सुरक्षित करना।


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com
KGS IAS

**125.** Which of the following statements regarding Lok Adalats are correct?

1. There is no court fee and if the court fee is already paid the amount will be refunded if the dispute is settled at Lok Adalat.
2. There is no strict application of procedural laws like the Civil Procedure Code and the Evidence Act while assessing the claim by Lok Adalat.
3. The parties to the dispute can directly interact with the judge through their counsel which is not possible in regular courts of law.
4. The award by the Lok Adalat is binding on the parties.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1, 2 and 3 B. Only 2 and 4
C. Only 1, 3 and 4 D. 1, 2, 3 and 4

**125.** लोक अदालतों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

1. इसके लिए कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाएगी।
2. लोक अदालत द्वारा दावे का मूल्यांकन करते समय सिविल प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम जैसे प्रक्रियात्मक कानूनों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता है।
3. विवाद के पक्षकार अपने वकील के माध्यम से सीधे न्यायाधीश से बातचीत कर सकते हैं जो नियमित अदालतों में संभव नहीं है।
4. लोक अदालत द्वारा दिया गया निर्णय पक्षकारों पर बाध्यकारी होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1, 2 और 3 B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 3 और 4 D. 1, 2, 3 और 4

**126.** "To protect and improve the environment and to safeguard the forests and wildlife of the country." is a provision made in the

A. Preamble of the Constitution
B. Directive Principles of State Policy
C. Fundamental Duties
D. Both B and C

**126.** "पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने का प्रावधान किया गया है:

A. संविधान की प्रस्तावना में
B. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत में
C. मौलिक कर्तव्य में
D. B और C दोनों

**127.** Regarding the composition of the Legislative Council in a State, which of the following statements is/are correct?

1. A Legislative Council cannot have more than one-third members of the total strength of the Legislative Assembly of that State.
2. The Legislative Council of a state must have at least Forty members.

Select the correct answer from the code given below-

A. 1 only B. 2 Only
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**127.** किसी राज्य में विधान परिषद की संरचना के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. किसी विधान परिषद में उस राज्य की विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के एक तिहाई से अधिक सदस्य नहीं हो सकते।
2. किसी राज्य की विधान परिषद में न्यूनतम 40 सदस्य होना अनिवार्य है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**128.** Consider the following statements:

1. If there is a conflict between the Concurrent List and the State List, the State List prevails.
2. The power to levy residuary taxes lies with the respective state government.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**128.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यदि समवर्ती सूची और राज्य सूची के बीच कोई विरोधाभास है, तो राज्य सूची मान्य होती है।
2. अवशिष्ट कर लगाने की शक्ति संबंधित राज्य सरकार के पास है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**129.** Which of the following constitutes the revenue of the urban local bodies?

1. Local taxes include property tax and entertainment tax.
2. User charges include water charges, sanitation charges, and sewerage charges.
3. Various cess like library cess, education cess, beggary cess.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 and 2
B. Only 2 and 3
C. Only 1 and 3
D. All of the above

**129.** शहरी स्थानीय निकायों का राजस्व निम्नलिखित में से किससे बनता है?

1. स्थानीय करों में संपत्ति कर और मनोरंजन कर शामिल हैं।
2. उपयोगकर्ता शुल्क में जल शुल्क, स्वच्छता शुल्क, सीवरेज शुल्क शामिल हैं।
3. विभिन्न उपकर जैसे पुस्तकालय उपकर, शिक्षा उपकर, भिक्षावृत्ति उपकर।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त सभी

**130.** Match the list-I with List II:

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Constitution of Legislature in the States | (i) Article 178 |
| b. Speaker and Deputy Speaker in the Legislative Assembly | (ii) Article 199 |
| c. Salaries and allowances of members | (iii) Article 168 |
| d. Definition of 'Money Bill' | (iv) Article 195 |

Choose the correct option using the codes given below-

A. a-i b-ii c-iii d-iv
B. a-iv b-ii c-i d-iii
C. a-iii b-i c-iv d-ii
D. a-ii b-iii c-i d-iv

**130.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **a.** राज्यों में विधानमंडल का गठन | (i) अनुच्छेद 178 |
| **b.** विधानसभा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष | (ii) अनुच्छेद 199 |
| **c.** सदस्यों के वेतन एवं भत्ते | (iii) अनुच्छेद 168 |
| **d.** 'धन विधेयक' की परिभाषा | (iv) अनुच्छेद 195 |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

A. a-i b-ii c-iii d-iv
B. a-iv b-ii c-i d-iii
C. a-iii b-i c-iv d-ii
D. a-ii b-iii c-i d-iv

**131.** Consider the following statements about the 'Gram Nyayalaya':

1. It is a mobile court.
2. It exercises the powers of only Civil Courts and not of Criminal Courts.
3. It tries to settle the disputes as far as possible by bringing conciliation between the parties.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1
B. Only 2
C. Only 2 and 3
D. Only 1 and 3

**131.** 'ग्राम न्यायालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह एक चलित न्यायालय है।
2. यह केवल सिविल न्यायालय की शक्ति प्राप्त है, न कि आपराधिक न्यायालय की।
3. यह पक्षों के बीच सुलह कराकर यथासंभव विवादों को निपटाने का प्रयास करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com
KGS IAS

**132.** Consider the following statements:

1. The Central Information Commission is a high-powered independent body.
2. The Central Information Commission is a constitutional body.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1  B. Only 2
C. Both 1 and 2  D. Neither 1 nor 2

**132.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. केंद्रीय सूचना आयोग एक उच्चाधिकार प्राप्त स्वतंत्र निकाय है।
2. केंद्रीय सूचना आयोग एक संवैधानिक संस्था है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1  B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों  D. न तो 1 और न ही 2

**133.** Consider the following statements-

1. The Speaker of the Legislative Assembly shall vacate his/her office if he/she ceases to be a member of the Legislative Assembly.
2. Whenever the Assembly is dissolved, the Speaker shall forthwith vacate his/her office.

Which of the statements given above is/are correct?

A. 1 Only  B. 2 Only
C. Both 1 and 2  D. Neither 1 nor 2

**133.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. यदि विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा का सदस्य नहीं रह जाता है, तो उसे अपना पद छोड़ना होता है।
2. जब भी विधानसभा भंग की जाती है, तो अध्यक्ष को तत्क्षण अपना पद छोड़ना होता है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1  B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों  D. न तो 1 और न ही 2

**134.** With reference to the pardoning power of the Governor, consider the following statements:

1. He cannot pardon a death sentence.
2. He can pardon a death sentence if a state law prescribes for death sentence.
3. He can suspend, remit or commute a death sentence.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1  B. Only 2
C. Only 1 and 3  D. Only 2 and 3

**134.** राज्यपाल की क्षमादान शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह मृत्युदंड को क्षमा नहीं कर सकता।
2. यदि राज्य के कानून में मृत्युदंड का प्रावधान है तो वह मृत्युदंड को क्षमा कर सकता है।
3. वह मृत्युदंड को निलंबित कर सकता है, क्षमा कर सकता है या कम कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1  B. केवल 2
C. केवल 1 और 3  D. केवल 2 और 3

**135.** The independence of the Supreme Court becomes very essential for the effective discharge of the duties assigned to it. Which of the following provisions ensure the independent and impartial functioning of the Supreme Court?

1. Security of tenure
2. Ban on Practice after Retirement
3. Power to Punish for its Contempt
4. Its Jurisdiction cannot be Curtailed

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1, and 2  B. Only 2 and 3
C. Only 1, 2 and 3  D. 1, 2, 3 and 4

**135.** सर्वोच्च न्यायालय को सौंपे गए कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए उसकी स्वतंत्रता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय की स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्यप्रणाली सुनिश्चित करता है?

1. कार्यकाल की सुरक्षा
2. रिटायरमेंट के बाद प्रैक्टिस पर रोक
3. अपनी अवमानना के लिए दंडित करने की शक्ति
4. इसके अधिकार क्षेत्र में कटौती नहीं की जा सकती

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2  B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3  D. 1, 2,3 और 4

**136.** Consider the following statements-

1. Judicial custody means that the accused is in the custody of the concerned Magistrate and such accused is kept in the lock-up of the police station and not in jail.
2. During judicial custody, the police officer in charge of the case cannot interrogate the suspect without the permission of the Court.

Which of the statements given above is/are correct?

A. 1 Only B. 2 Only
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**136.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. न्यायिक हिरासत का अर्थ है कि आरोपी संबंधित मजिस्ट्रेट की हिरासत में है और ऐसे आरोपी को पुलिस स्टेशन के लॉक-अप में रखा जाता है, न कि जेल में।
2. न्यायिक हिरासत के दौरान मामले का प्रभारी पुलिस अधिकारी अदालत की अनुमति के बिना संदिग्ध से पूछताछ नहीं कर सकता है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**137.** The writ jurisdiction of the Supreme Court differs from that of a High Court in which of the following respects?

1. Unlike a High Court, the Supreme Court can issue writs not only for the enforcement of Fundamental Rights but also for any other purpose.
2. The Supreme Court can issue writs against a person throughout the territory of India whereas a High Court cannot issue writs outside its territorial jurisdiction.
3. Unlike the Supreme Court, a High Court may refuse to exercise its writ jurisdiction.

Select the correct answer using the code given below:

A. Only 1 B. Only 1 and 2
C. Only 3 D. Only 2 and 3

**137.** सर्वोच्च न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार निम्नलिखित में से किस मामले में उच्च न्यायालय से भिन्न है?

1. उच्च न्यायालय के विपरीत, सर्वोच्च न्यायालय न केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए बल्कि किसी अन्य उद्देश्य के लिए भी रिट जारी कर सकता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय भारत के पूरे क्षेत्र में किसी व्यक्ति के विरुद्ध रिट जारी कर सकता है जबकि एक उच्च न्यायालय अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के बाहर रिट जारी नहीं कर सकता है।
3. सर्वोच्च न्यायालय के विपरीत, एक उच्च न्यायालय अपने रिट क्षेत्राधिकार का प्रयोग करने से इनकार कर सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. केवल 3 D. केवल 2 और 3

**138.** Which of the following does not necessarily follow from a state's declaration of the president's rule?

1. Dissolution of the State Assembly
2. Removal of the Council of Ministers of the State
3. Dissolution of local bodies

Select the correct answer using the code given below-

A. 1 and 2 only B. 1 and 3 only
C. 2 and 3 only D. 1, 2 and 3

**138.** निम्नलिखित में से कौन सा आवश्यक रूप से किसी राज्य द्वारा राष्ट्रपति शासन की घोषणा का अनुसरण नहीं है?

1. राज्य विधानसभा का विघटन
2. राज्य के मंत्रिपरिषद को हटाया जाना
3. स्थानीय निकायों का विघटन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-

A. केवल 1 और 2 B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3 D. 1, 2 और 3

**139.** Which of the following committees is only formed in the Lok Sabha?

A. Committee on Assurances
B. Estimates Committee
C. Committee on Public Undertakings
D. Committee on Delegated Legislation

**139.** निम्नलिखित में से कौन सी समिति केवल लोकसभा में गठित होती है?

A. आश्वासन समिति
B. प्राक्कलन समिति
C. सार्वजनिक उपक्रमों पर समिति
D. प्रत्यायोजित विधान पर समिति


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com

**140.** Which of the following are enumerated in the concurrent list?
1. Education
2. Forests
3. Defence
4. Banking
5. Prisons

Select the correct answer using the code given below:
- A. Only 1 and 2
- B. Only 2 and 3
- C. Only 3 and 4
- D. Only 4 and 5

**140.** निम्नलिखित में से कौन समवर्ती सूची में गिना जाता है?
1. शिक्षा
2. वन
3. रक्षा
4. बैंकिंग
5. कारागार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
- A. केवल 1 और 2
- B. केवल 2 और 3
- C. केवल 3 और 4
- D. केवल 4 और 5

**141.** Which of the following amendments of the Constitution provided for the establishment of a common High Court for two or more states?
- A. Fifth Amendment Act, 1955
- B. Seventh Amendment Act, 1956
- C. Tenth Amendment Act, 1961
- D. Fourteenth Amendment Act, 1962

**141.** संविधान के निम्नलिखित में से किस संशोधन में दो या दो से अधिक राज्यों के लिए एक सामान्य उच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया?
- A. पाँचवाँ संशोधन अधिनियम, 1955
- B. सातवां संशोधन अधिनियम, 1956
- C. दसवां संशोधन अधिनियम, 1961
- D. चौदहवाँ संशोधन अधिनियम, 1962

**142.** **Assertion (A):** The Court can review the advice given by the Ministers to the Governor.

**Reason (R):** There is no legal accountability for state ministers in the Indian Constitution.

Which of the following is correct in the context of the above two statements?
- A. Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
- B. Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).
- C. Assertion (A) is correct, but reason (R) is wrong.
- D. Assertion (A) is false, but Reason (R) is correct.

**142.** **अभिकथन (A)-** न्यायालय मंत्रियों द्वारा राज्यपाल को दी गई सलाह की समीक्षा कर सकता है।

**कारण (R)-** भारतीय संविधान में राज्य मंत्रियों के लिए कोई कानूनी जवाबदेही नहीं है।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
- A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
- B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
- C. अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
- D. अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**143.** Consider the following statements:
1. The laws of the Parliament are applicable to Indian citizens and their property in any part of the world.
2. The President is empowered to direct that an act of Parliament does not apply to a scheduled area in the state.

Which of the above statements is/are correct?
- A. Only 1
- B. Only 2
- C. Both 1 and 2
- D. Neither 1 nor 2

**143.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. संसद के कानून दुनिया के किसी भी हिस्से में भारतीय नागरिकों और उनकी संपत्ति पर लागू होते हैं।
2. राष्ट्रपति को यह निर्देश देने का अधिकार है कि संसद का कोई अधिनियम राज्य के अनुसूचित क्षेत्र पर लागू नहीं होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
- A. केवल 1
- B. केवल 2
- C. 1 और 2 दोनों
- D. न तो 1 और न ही 2

**144.** Consider the following statements:

1. An unstarred question requires an oral answer and hence supplementary questions can follow.
2. A starred question, on the other hand, requires a written answer and hence, supplementary questions cannot follow.

Which of the statements given above is/are correct?

A. Only 1 B. Only 2
C. Both 1 and 2 D. Neither 1 nor 2

**145.** Consider the following statement regarding the National Human Rights Commission(NHRC)-

1. It is a Constitutional body
2. It came into existence in 1997
3. Its Chairperson should compulsorily be a Retired chief justice of the Supreme Court or High court

Which of the statements given above are correct?

A. Only 1 B. Only 1 and 2
C. Only 3 D. None of the above

**146.** Consider the following statements with reference to the "Attorney General of India":

1. He/she can participate in the proceedings of the Parliament, but cannot vote on any matter.
2. He/she is eligible for reappointment for multiple terms, subject to the pleasure of the President.
3. He/she has the authority to grant pardons in a few cases.

Which of the above statements is/are correct?

A. Only 1 and 2 B. Only 2 and 3
C. Only 2 and 3 D. 1, 2 and 3

**147.** Parliament has no role in removing which of the following officials?

1. High Court judges
2. Judges of the Supreme Court
3. Chairman, Union Public Service Commission
4. Comptroller and Auditor General of India

Select the correct answer from the codes given below.

A. 1 and 2 Only B. 3 and 4 Only
C. 1, 2 and 3 Only D. 3 Only

**144.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अतारांकित प्रश्न के लिए मौखिक उत्तर की आवश्यकता होती है और इसलिए पूरक प्रश्न पूछे जा सकते हैं।
2. दूसरी ओर, तारांकित प्रश्न के लिए लिखित उत्तर की आवश्यकता होती है और इसलिए, पूरक प्रश्न नहीं पूछे जा सकते।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

**145.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह एक संवैधानिक संस्था है।
2. यह 1997 में अस्तित्व में आया।
3. इसका अध्यक्ष अनिवार्य रूप से सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 B. केवल 1 और 2
C. केवल 3 D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**146.** "भारत के महान्यायवादी" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह संसद की कार्यवाही में भाग ले सकता/सकती है, लेकिन किसी मामले पर मतदान नहीं कर सकता सकती है।
2. वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त, कई कार्यकाल हेतु पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होती/होती है।
3. उसके पास कुछ मामलों में क्षमादान देने का अधिकार होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
C. केवल 2 और 3 D. 1, 2 और 3

**147.** इनमें से किस अधिकारी को उसके पद से हटाने में संसद की कोई भूमिका नहीं है?

1. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
2. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
3. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
4. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

A. केवल 1 और 2 B. केवल 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 3 D. केवल 3


KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar-800006
Call : 8757354880, E-mail: enquiry@khanglobalstudies.com
KGS IAS

**148.** **Assertion (A):** The President of India decides the qualifications of the Chairman and members of the Finance Commission.

**Reason (R):** The Chairman and members are appointed by the President of India.

Select the correct answer with the help of the code given below.

A. Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

B. Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

C. (A) is true, but (R) is false.

D. (A) is wrong, but (R) is true.

**148.** **अभिकथन (A)-**भारत के राष्ट्रपति वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की योग्यताएँ निर्धारित करते हैं।

**कारण (R)-** अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

C. अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

D. अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**149.** Consider the following statements:

1. The judges of the Supreme Court are appointed by the Chief Justice of India.
2. The judges of the Indian Judiciary are selected through the National Judicial Appointment Commission.
3. The earlier collegium system of appointment of judges has been struck down as ultra vires.

Which of the above statements is/are correct?

A. Only 1

B. Only 2 and 3

C. Only 1 and 3

D. None of the above

**149.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है।
2. भारतीय न्यायपालिका के न्यायाधीशों का चयन राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के माध्यम से किया जाता है।
3. न्यायाधीशों की नियुक्ति की पूर्ववर्ती कॉलेजियम प्रणाली को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए रद्द कर दिया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** In 1988, the "Thungon Committee" suggested measures for the strengthening of the Panchayati Raj system. Which of the following are suggested by the Thungon committee?

1. A three-tier system of Panchayati Raj with panchayats at the village, block and district levels.
2. Zilla Parishad should be the pivot of the Panchayati Raj system.
3. Reservation for women is not required.
4. The Chief Minister should be the chief executive officer of the Zilla Parishad.

Select the correct answer using the code given below:

A. 1 and 2 Only

B. 2 and 3 Only

C. 3 and 4 Only

D. 1 and 4 Only

**150.** 1988 में "थुंगन समिति" ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उपाय सुझाए थे। थुंगन समिति ने निम्नलिखित में से क्या सुझाव दिया है?

1. गाँव, ब्लॉक और जिला स्तर पर पंचायतों के साथ पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली।
2. जिला परिषद् को पंचायती राज व्यवस्था की धुरी बनाना चाहिए।
3. महिलाओं के लिए आरक्षण की आवश्यकता नहीं है।
4. मुख्यमंत्री को जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3 और 4

D. केवल 1 और 4

# BPSC TEST - 1 (SOLUTIONS)

**Q 1. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

चार्टर अधिनियम, 1813 के माध्यम से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी (चीन और चाय के व्यापार पर एकाधिकार बना रहा) के व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया गया।

इस अधिनियम के माध्यम से कंपनी के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों पर ब्रिटिश क्राउन की संप्रभुता को भी मजबूत किया गया।

हालाँकि इस अधिनियम के माध्यम से अगले 20 वर्षों के लिए इन क्षेत्रों के अधिकार और राजस्व को कंपनी को सौंप दिया गया, लेकिन यह ब्रिटिश क्राउन की संप्रभुता के विपरीत नहीं था।

1858 के अधिनियम के माध्यम से भारत के राजस्व को ब्रिटिश संसद के प्रत्यक्ष नियंत्रण में लाया गया, जब ब्रिटिश कैबिनेट मंत्री के अधीन राज्य सचिव का पद सृजित किया गया और, विशेष रूप से, राजस्व के प्रशासन में उनकी सहायता के लिए भारतीय परिषद का गठन किया गया।

**Q 2. उत्तर: A**

**व्याख्या**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 111 में भारत के राष्ट्रपति की वीटो शक्ति का प्रावधान किया गया है। पूर्ण वीटो विधेयक पर सहमति को रोक कर रखने की राष्ट्रपति की शक्ति है।

राष्ट्रपति निम्नलिखित दो मामलों में पूर्ण वीटो का उपयोग करता है:

- ✓ जब संसद द्वारा पारित विधेयक एक निजी विधेयक हो।
- ✓ जब कैबिनेट राष्ट्रपति के विधेयक पर अपनी सहमति देने से पहले इस्तीफा दे देती है तो नई कैबिनेट राष्ट्रपति को पुरानी कैबिनेट द्वारा पारित विधेयक पर अपनी सहमति न देने की सलाह दे सकती है।

निलंबित वीटो का उपयोग पहली बार संसद द्वारा पारित लाभ के पद विधेयक, 2006 में किया गया था। इसमें एक स्व-सेवारत कानून निर्मित करने का प्रावधान था जो सदस्यों को पूर्वव्यापी प्रभाव से अयोग्यता से सुरक्षा प्रदान करता था। राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने इस विधेयक को लौटा दिया था। हालांकि, विधेयक को राष्ट्रपति के पास पुनः भेजा गया और अंततः मंजूरी मिली।

**Q 3. उत्तर C**

**व्याख्या:**

1992 में 73 वें संशोधन के माध्यम से संविधान में एक नई ग्यारहवीं अनुसूची (पंचायतों के दायरे में 29 विषयों को शामिल करने वाली ) और ₹पंचायतें₹ नामक एक नए भाग IX (अनुच्छेद 243 (A) से 243 (O) तक के प्रावधानों को कवर करने वाले) को जोड़ा गया।

भारत सरकार ने राष्ट्रीय विस्तार सेवा (1953) और सामुदायिक विकास कार्यक्रम (1952) के संचालन की समीक्षा करने और सुधार की सिफारिश करने के लिए जनवरी 1957 में एक समिति की स्थापना की।

इस समिति के अध्यक्ष बलवंत राय मेहता थे। इस समिति के अनुसार, ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायतें, ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की नींव हैं। इन स्तरों को अप्रत्यक्ष रूप से अप्रत्यक्ष चुनाव तंत्र से जोड़ा जाना चाहिए।

बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट में ग्राम सभा का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। अतः कथन 2 सही नहीं है।

**Q 4. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

महात्मा गांधी ने 1939 में हरिजन पत्रिका में अपने लेख 'द ओनली वे' में लिखा कि "संविधान सभा अकेले ही देश के लिए एक स्वदेशी संविधान बना सकती है और सही मायने में और पूरी तरह से लोगों की इच्छा का प्रतिनिधित्व कर सकती है।"

**Q 5. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

संविधान के तहत, किसी व्यक्ति को किसी राज्य की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुने जाने और सदस्य बनने के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा:

- ✓ यदि वह केंद्र या राज्य सरकार के तहत कोई लाभ का पद धारण करता है (किसी मंत्री या राज्य विधायिका द्वारा छूट प्राप्त किसी अन्य पद को छोड़कर)।
- ✓ यदि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है और न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया है।
- ✓ यदि वह अनुन्मोचित दिवालिया है।
- ✓ यदि वह भारत का नागरिक नहीं है या उसने स्वेच्छा से किसी विदेशी राज्य की नागरिकता प्राप्त कर ली है या किसी विदेशी राज्य के प्रति निष्ठा के पालन की किसी स्वीकृत प्रतिज्ञा के अधीन है।
- ✓ यदि वह संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून के तहत अयोग्य है।

**Q 6. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

प्रश्न में दी गई गतिविधियों का सही कालक्रम इस प्रकार है:

- ✓ संविधान सभा की प्रथम बैठक - 9 दिसम्बर 1946
- ✓ प्रारूप समिति की नियुक्ति- 29 अगस्त 1947
- ✓ भारत के संविधान को अपनाया और अधिनियमित किया गया - 26 नवंबर, 1949
- ✓ भारत के संविधान के लागू होने की तारीख 26 जनवरी 1950 है

**Q 7. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

राज्यपाल की शक्तियों और कार्यों को निम्नलिखित के अंतर्गत विभाजित किया जा सकता है:

- ✓ कार्यकारी शक्तियाँ
- ✓ विधायी शक्तियाँ
- ✓ वित्तीय शक्तियाँ
- ✓ न्यायिक शक्तियाँ

इसके अलावा, राज्यपाल को विवेकाधीन शक्तियां प्राप्त होती हैं जिसके सम्बन्ध में वह मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बाध्य नहीं होता/होती है।

किसी राज्य का विधानमंडल, कानून द्वारा, राज्य वित्त आयोग (243-आई) की संरचना, उसके सदस्यों के रूप में नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यताएं और उनके चयन के तरीके के बारे में प्रावधान कर सकता है।

**Q 8. उत्तर. B**

**व्याख्या:**

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की व्याख्या भौतिक पहलुओं से कहीं अधिक को शामिल करते हुए की है। इसमें अब सम्मान के साथ जीने का अधिकार शामिल है, जो निम्नलिखित पहलुओं को शामिल करता है:

- ✓ भोजन, वस्त्र और मकान जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के साथ जीने का अधिकार
- ✓ स्वास्थ्य का अधिकार
- ✓ शिक्षा का अधिकार
- ✓ स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार

कई निर्णयों में, उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि आश्रय का अधिकार और आजीविका का साधन जीवन के अधिकार में अंतर्निहित है क्योंकि इन आवश्यकताओं के बिना कोई भी जीवित नहीं रह सकता है।

**Q 9. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

भारत सरकार अधिनियम 1919 की प्रमुख विशेषताओं में से एक प्रांतों में द्वैध शासन की स्थापना थी।

इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रांतीय सरकार के कार्यों को दो भागों में विभाजित किया गया - 'आरक्षित' और 'हस्तांतरित'।

आरक्षित विषयों में न्याय प्रशासन, भू-राजस्व, वित्त, पुलिस आदि से संबंधित मामले शामिल थे, जबकि हस्तांतरित विषयों में स्थानीय स्वशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से संबंधित मामले शामिल थे।

आरक्षित विषयों को प्रांतीय गवर्नर और उसकी कार्यकारी परिषद के अधीन रखा गया था जो विधायिका के प्रति उत्तरदायी नहीं थी, जबकि हस्तांतरित विषयों को गवर्नर और मंत्रिपरिषद के अधीन रखा गया था जो प्रांतीय विधायिका के प्रति उत्तरदायी थे।

**Q 10. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

संसद के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्य, राज्य विधान सभाओं के मनोनीत सदस्य, राज्य विधान परिषदों के सदस्य (निर्वाचित और मनोनीत दोनों) और दिल्ली और पुडुचेरी विधानसभाओं के मनोनीत सदस्य राष्ट्रपति के चुनाव में भाग नहीं लेते हैं।

राष्ट्रपति का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा नहीं बल्कि निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है जिसमें शामिल हैं:

- ✓ संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य
- ✓ राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य
- ✓ केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली और पुडुचेरी की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य

**Q 11. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

राष्ट्रपति निर्देश दे सकते हैं कि वे ऐसे अपवादों और संशोधनों के अधीन, जैसा कि वह निर्दिष्ट कर सकते हैं, केंद्र शासित प्रदेश पर लागू होंगे।

राज्य विधायिका नगर पालिकाओं द्वारा खातों के रखरखाव और ऐसे खातों की लेखा परीक्षा के संबंध में प्रावधान कर सकती है।

यह अधिनियम प्रत्येक नगर पालिका के लिए पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है। हालाँकि, इसका कार्यकाल पूरा होने से पहले इसे भंग किया जा सकता है।

**Q 12. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

न्यायिक सक्रियता को ‘न्यायिक गतिशीलता’ के नाम से भी जाना जाता है। न्यायिक सक्रियता नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और समाज में न्याय को बढ़ावा देने में न्यायपालिका की सक्रिय भूमिका को दर्शाती है।

दूसरे शब्दों में, इसका तात्पर्य सरकार के अन्य दो अंगों (विधायिका और कार्यपालिका) को अपने संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए बाध्य करने में न्यायपालिका की मुखर भूमिका से है।

**Q 13. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

अनुच्छेद 117 में प्रावधान है कि कर लगाने वाला विधेयक या संशोधन केवल राष्ट्रपति की सिफारिश पर पेश या प्रस्तावित किया जाएगा और ऐसा प्रावधान करने वाला विधेयक राज्यों की परिषद में पेश नहीं किया जाएगा।

**Q 14. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

राज्य सरकार ऐसी अनुसूचित जनजातियों को नामांकित कर सकती है जिनका मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत या जिला स्तर पर पंचायत में प्रतिनिधित्व नहीं है। लेकिन ऐसे नामांकन उस पंचायत में चुने जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या के दसवें हिस्से से अधिक नहीं होंगे।

प्रत्येक गांव में एक ग्राम सभा होगी जिसमें ऐसे व्यक्ति शामिल होंगे जिनके नाम ग्राम स्तर पर पंचायत के लिए मतदाता सूची में शामिल हैं।

नीलामी/बोली द्वारा गौण खनिजों के दोहन के लिए रियायत देने हेतु ग्राम सभा या पंचायतों की पूर्व अनुशंसा अनिवार्य होगी।

**Q 15. उत्तर: B**

**व्याख्या**

विधानसभा अध्यक्ष उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर इस्तीफा देता है।

विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों से संबंधित भारतीय संविधान के प्रावधानों का अंतिम व्याख्याता होता है।

**Q 16. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

सही सुमेल इस प्रकार है:

- ✓ संविधान का भाग XV - निर्वाचन
- ✓ संविधान का भाग XVI - कुछ वर्गों के संबंध में विशेष प्रावधान
- ✓ संविधान का भाग XVII - राजभाषा
- ✓ संविधान का भाग XVIII - आपातकालीन प्रावधान

**Q 17. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

प्रत्येक उच्च न्यायालय (चाहे विशिष्ट या सामान्य) में एक मुख्य न्यायाधीश और ऐसे अन्य न्यायाधीश होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति समय-समय पर नियुक्त करना आवश्यक समझता है। इस प्रकार, संविधान उच्च न्यायालय की सदस्य संख्या निर्दिष्ट नहीं करता है और इसे राष्ट्रपति के विवेक पर छोड़ता है।

**Q 18. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

भारतीय संविधान की उद्देशिका का लक्ष्य है अपने सभी नागरिकों की -

- ✓ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करना
- ✓ विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, विश्वास और पूजा की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना
- ✓ स्थिति और अवसर की समानता सुनिश्चित करना
- ✓ व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करना

**Q 19. उत्तर: B**

**व्याख्या**

परिसीमन आयोग का गठन 4 बार किया गया है - 1952 में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 के तहत, 1963 में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 के तहत, 1973 में परिसीमन अधिनियम, 1972 के तहत और 2002 में परिसीमन अधिनियम, 2002 के तहत।

परिसीमन आयोग भारत में एक उच्चाधिकार निकाय है जिसके आदेशों को कानून के तहत जारी किया गया है और उन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

**Q 20. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

जब भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त हो, भारत का मुख्य न्यायाधीश अस्थायी रूप से अनुपस्थित हो या भारत का मुख्य न्यायाधीश अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो तो राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को भारत के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकते हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अस्थायी अवधि के लिए सर्वोच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकते हैं। वह संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श और राष्ट्रपति की पूर्व सहमति के बाद ही ऐसा कर सकता है।

किसी भी समय, भारत का मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से, जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए विधिवत योग्य है, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का अनुरोध कर सकता है। अस्थायी अवधि के लिए. न्यायाधीश ऐसे भत्तों का हकदार होता है जो राष्ट्रपति निर्धारित कर सकता है।

**Q 21. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

जब कोई संवैधानिक संशोधन विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा जाता है तो वह केवल विधेयक को अनुमोदन दे सकता है और विधेयक को अस्वीकार या वापस नहीं कर सकता है।

जब कोई साधारण विधेयक राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो वह या तो विधेयक पर अपनी सहमति दे सकता है या विधेयक पर अपनी सहमति रोक सकता है और वह विधेयक को सदनों के पुनर्विचार के लिए वापस कर सकता है और जब कोई धन विधेयक राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो वह या तो विधेयक पर अपनी सहमति दे दे या विधेयक पर अपनी सहमति रोक सकता है, लेकिन विधेयक को सदन को पुनर्विचार के लिए वापस नहीं लौटा सकता।

**Q 22. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

संविधान के भाग के रूप में प्रस्तावना की स्थिति पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई बार चर्चा की गई है। इसे निम्नलिखित मामलों के माध्यम से समझा जा सकता है:

- ✓ बेरुबारी मामला: इस वाद में बेरुबारी संघ से संबंधित भारत-पाकिस्तान समझौते के कार्यान्वयन और परिक्षेत्रों के आदान-प्रदान से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत एक संदर्भ शामिल था, जिस पर आठ न्यायाधीशों की पीठ ने विचार किया था। न्यायालय ने कहा कि "प्रस्तावना संविधान निर्माताओं के दिमाग को जानने की कुंजी है" लेकिन निष्कर्ष निकाला कि इसे संविधान का भाग नहीं माना जा सकता है और यह न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है।
- ✓ केशवानंद भारती मामला: इस ऐतिहासिक मामले में, एक रिट याचिका पर सुनवाई के लिए 13 न्यायाधीशों की एक पीठ बुलाई गई थी। न्यायालय ने माना कि प्रस्तावना वास्तव में संविधान का भाग है। हालाँकि यह सर्वोच्च शक्ति या किसी प्रतिबंध या निषेध का स्रोत नहीं है, यह संविधान के कानूनों और प्रावधानों की व्याख्या में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- ✓ एलआईसी ऑफ इंडिया मामला 1995: सर्वोच्च न्यायालय ने फिर से पुष्टि की कि प्रस्तावना संविधान का एक अभिन्न अंग है, हालांकि यह भारत के न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है।

**Q 23. उत्तर: A**

**व्याख्या**

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (IRCS) की स्थापना 1920 में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी अधिनियम के तहत की गई थी और इसे 1920 के संसद अधिनियम XV के तहत शामिल किया गया था। इस अधिनियम को अंतिम बार 1992 में संशोधित किया गया था और 1994 में नियम बनाए गए थे। इंडियन रेड क्रॉस एक स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है, जिसका देश भर में 1100 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है, जो आपदाओं/आपातकाल के समय राहत प्रदान करता है तथा कमजोर लोगों और समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल को बढ़ावा देता है।

भारत के माननीय राष्ट्रपति इसके अध्यक्ष और माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री इसके चेयरमैन होते हैं।

**Q 24. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

'न्यायालय की अवमानना' को संविधान द्वारा परिभाषित नहीं किया गया है। हालाँकि, इसको 1971 के न्यायालय अवमानना अधिनियम द्वारा परिभाषित किया गया है। इसके तहत न्यायालय की अवमानना दीवानी या आपराधिक हो सकती है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 129 सर्वोच्च न्यायालय को अपनी अवमानना के लिए दंडित करने की शक्ति प्रदान करता है।

अवमानना क्षेत्राधिकार का उद्देश्य न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखना है। अवमानना शक्तियां न्यायाधीशों को भय, पक्षपात, स्नेह या द्वेष के बिना मामलों का निर्णय करने के अपने कर्तव्यों को पूरा करने में मदद करती हैं।

**Q 25. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

प्रथम संशोधन अधिनियम, 1951 द्वारा नौवीं अनुसूची और अनुच्छेद 31-A और 31-B को संविधान में जोड़ा गया था।

विशेष कानूनों (जैसे भूमि सुधार कानून) को संसद द्वारा नौवीं अनुसूची में रखा जा सकता है, जिसका उद्देश्य न्यायिक समीक्षा से मुक्त होना है।

अनुच्छेद 31B में कहा गया है कि नौवीं अनुसूची में उल्लिखित नियमों और विनियमों को इस आधार पर शून्य नहीं माना जाएगा कि वे भाग III के किसी भी प्रावधान और प्रदत्त अधिकारों के साथ असंगत हैं, या उन्हें हटाते या कम करते हैं। लेकिन 2007 में उच्चतम न्यायालय ने आई.आर. कोएल्हो बनाम तमिलनाडु मामले में यह स्पष्ट किया कि संसद को नौवीं अनुसूची में एक विशेष कानून डालने का अधिकार है, लेकिन यह न्यायिक जांच के दायरे से बाहर नहीं है।

न्यायालय ने निर्धारित किया कि 24 अप्रैल, 1973 (केशवानंद भारती मामले के फैसले की तारीख) के बाद नौवीं अनुसूची में शामिल विधानों की इस आधार पर न्यायिक समीक्षा की जा सकती है कि वे संविधान की मूल संरचना की अवधारणा का उल्लंघन करते हैं।

**Q 26. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

न्यायिक समीक्षा केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के विधायी अधिनियमों और कार्यकारी आदेशों की संवैधानिकता की जांच करने की न्यायपालिका की शक्ति है।

इंदिरा गांधी बनाम राजनारायण वाद 1975 में, उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक समीक्षा की शक्ति को संविधान की मूल संरचना का एक तत्व घोषित किया।

संविधान की सर्वोच्चता, संघीय संतुलन को बनाए रखने, नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक समीक्षा की आवश्यकता है।

**Q 27. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को राष्ट्रपति के आदेश द्वारा उसके पद से हटाया जा सकता है। हटाने का आधार दुर्व्यवहार और अक्षमता या दोनों का सिद्ध होना है।

100 सदस्यों (लोकसभा के मामले में) या 50 सदस्यों (राज्यसभा के मामले में) द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव अध्यक्ष/सभापति को दिया जाता है।

अध्यक्ष/सभापति निष्कासन प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं या इसे स्वीकार करने से इनकार कर सकते हैं।

**Q 28. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

अनुच्छेद 153 के तहत, प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा। बशर्ते कि इस अनुच्छेद की कोई भी बात एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने से निवारित नहीं करेगी।

अनुच्छेद 158(2) के तहत, राज्यपाल लाभ का कोई अन्य पद धारण नहीं करेगा।

अनुच्छेद 161 के तहत, किसी राज्य के राज्यपाल को उस विषय संबंधी, जिस विषय पर उस राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार है, किसी विधि के विरुद्ध किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराये गये किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलंबन, विराम या परिहार करने की अथवा दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की शक्ति होगी ।

अनुच्छेद 165 के तहत, प्रत्येक राज्य का राज्यपाल, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए अर्हित किसी व्यक्ति को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त करेगा ।

**Q 29. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

कथन 1 गलत है: सभी उच्च न्यायालय नहीं, केवल तीन उच्च न्यायालय भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, 1861 के प्रावधानों के तहत स्थापित किए गए थे। 1862 में कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास में उच्च न्यायालय की स्थापना की गई थी।

कथन 2 गलत है: चंद्र कुमार मामले (1997) में, उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों का रिट क्षेत्राधिकार संविधान की मूल संरचना का एक भाग है। इसलिए, इसे संविधान में संशोधन के माध्यम से भी हटाया नहीं जा सकता है।

कथन 3 गलत है: संविधान का अनुच्छेद 222 एक न्यायाधीश (मुख्य न्यायाधीश सहित) को एक उच्च न्यायालय से किसी अन्य उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रावधान करता है। किसी न्यायाधीश के स्थानांतरण के प्रस्ताव की शुरुआत भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जानी चाहिए जिसकी राय इस संबंध में निर्णायक हो।

**Q 30. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

मौर्य काल से लेकर आधुनिक युग तक भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति में इसके विशिष्ट तत्व आज भी मूर्त रूप में विद्यमान हैं। हालाँकि, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, जो विभिन्न युगों से लगातार बदल रही है, में आधुनिक शैली, पारंपरिक शैली और संत शैली के तत्व शामिल हैं। यह स्पष्ट है कि कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण कथन की पुष्टि करता है।

**Q 31. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने का अधिकार देता है। एक अध्यादेश तब भी जारी किया जा सकता है जब केवल एक सदन का सत्र चल रहा हो क्योंकि कोई भी कानून दोनों सदनों द्वारा पारित किया जा सकता है न कि केवल एक सदन द्वारा।

कूपर मामले (1970) में उच्चतम न्यायालय ने माना कि राष्ट्रपति की संतुष्टि को दुर्भावना के आधार पर न्यायालय में प्रश्नगत किया जा सकता है। 1975 के 38 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रपति की संतुष्टि को अंतिम और निर्णायक और न्यायिक समीक्षा से परे बना दिया। लेकिन, इस प्रावधान को 1978 के 44 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया था। इस प्रकार, राष्ट्रपति की संतुष्टि को दुर्भावना के आधार पर न्यायालय में प्रश्नगत किया जा सकता है।

यदि अध्यादेश को दोनों सदनों द्वारा मंजूरी मिल जाती है तो यह एक अधिनियम बन जाता है। यदि संसद कोई कार्रवाई नहीं करती है तो अध्यादेश संसद की पुनः बैठक के छह सप्ताह की समाप्ति पर समाप्त हो जाता है। यदि संसद के दोनों सदन प्रस्ताव पारित कर देते हैं तो अध्यादेश निर्धारित छह सप्ताह से पहले भी लागू नहीं हो सकता है।

**Q 32. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

निर्धारित अवधि की समाप्ति से पहले किसी पंचायत के विघटन पर गठित पंचायत केवल उस शेष अवधि के लिए बनी रहेगी।

इस अधिनियम के प्रारंभ होने से एक वर्ष की समाप्ति तक पंचायतों से संबंधित सभी राज्य कानून लागू रहेंगे।

ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतों के सभी सदस्य प्रत्यक्ष रूप से लोगों द्वारा चुने जाएंगे।

**Q 33. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

परिभाषा के अनुसार संवैधानिक सरकार का अर्थ सीमित सरकार है।

इसका अर्थ है कि संविधान सरकार का स्रोत है और इसके तीन अंग, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, संविधान में निहित प्रावधानों के तहत कार्य करते हैं।

संविधान सरकार द्वारा अपने नागरिकों पर लागू किये जाने वाले कानूनों और नीतियों पर कुछ सीमाएं लगाता है। ये सीमाएँ इतनी मौलिक हैं कि सरकार कभी भी इसका उल्लंघन नहीं कर सकती।

**Q 34. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

कथन 1 गलत है: ग्राम न्यायालय भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में प्रदान किए गए साक्ष्य के नियमों से बाध्य नहीं होगा, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगा और उच्च न्यायालय द्वारा बनाए गए किसी भी नियम के अधीन होगा।

कथन 2 सही है: ग्राम न्यायालय एक गतिशील न्यायालय होगा और आपराधिक और सिविल न्यायालयों दोनों की शक्तियों का प्रयोग करेगा। ग्राम न्यायालय की सीट मध्यवर्ती पंचायत के मुख्यालय पर स्थित होगी, वे गांवों में जाएंगे, वहां काम करेंगे और मामलों का निपटारा करेंगे।

कथन 3 सही है: ग्राम न्यायालय प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय होगा और इसके पीठासीन अधिकारी को उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

**Q 35. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

संविधान-पूर्व संधि से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय को अपनी सलाह राष्ट्रपति को देनी होगी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई सलाह बाध्यकारी नहीं होती है । इसलिए, यह राष्ट्रपति पर बाध्यकारी नहीं है; वह सलाह को मान भी सकता है और नहीं भी ।

सार्वजनिक महत्व के कानून या तथ्य जिस पर प्रश्न उठा हो या उठने की संभावना हो, सर्वोच्च न्यायालय राष्ट्रपति को अपनी सलाह दे सकता है या देने से इंकार कर सकता है।

**Q 36. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

वर्तमान में भारत में 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 1 (1) में कहा गया है कि भारत राज्यों का संघ होगा और संविधान की प्रस्तावना भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में परिभाषित करती है। साथ ही, भारत में सरकार की संसदीय प्रणाली को अपनाया गया है।

**Q 37. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

कथन 1 और 2 सही है: राष्ट्रपति के निर्वाचन और महाभियोग तथा राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेशों के अनुमोदन में, राज्यसभा की शक्तियाँ और स्थिति लोकसभा के बराबर होती है।

कथन 3 गलत: राज्यसभा बजट पर केवल चर्चा कर सकती है लेकिन अनुदान की मांगों पर मतदान नहीं कर सकती (जो लोकसभा का विशेष विशेषाधिकार है)।

**Q 38. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

भारतीय संविधान में सरकार की संसदीय प्रणाली को अपनाया गया है।

यह इंग्लैंड की संसदीय प्रणाली के समान है।

इस प्रणाली में कार्यपालिका विधायिका का हिस्सा होती है और विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है। वास्तविक कार्यकारी शक्ति प्रधान मंत्री और उसकी मंत्रिपरिषद में निहित होती है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75 (3) के अनुसार, मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।

**Q 39. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

सर्वोच्च न्यायालय का विशिष्ट मूल क्षेत्राधिकार निम्नलिखित तक विस्तारित नहीं है:

किसी संविधान-पूर्व संधि, समझौते, प्रसंविदा, अनुबंध, सनद या अन्य समान दस्तावेज़ से उत्पन्न विवाद।

केंद्र और राज्यों के बीच कुछ खर्चों और पेंशन का समायोजन।

एक संघीय न्यायालय के रूप में, सर्वोच्च न्यायालय भारतीय संघ की विभिन्न इकाइयों के बीच विवादों का निर्णय करता है। विस्तृत रूप से निम्नलिखित मामलों में

- ✓ केंद्र और एक या अधिक राज्यों के बीच
- ✓ एक तरफ केंद्र और किसी राज्य या राज्यों के बीच तथा दूसरी तरफ एक या अधिक अन्य राज्यों के बीच
- ✓ दो या दो से अधिक राज्यों के बीच.

**Q 40. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

मूल क्षेत्राधिकार का अर्थ है उच्च न्यायालय की पहली बार में विवादों को सुनने की शक्ति, न कि अपील के माध्यम से। इसका विस्तार निम्नलिखित तक है:

कथन 1 सही है: नागरिकों के मौलिक अधिकारों का प्रवर्तन, न्यायालय की अवमानना के मामले।

कथन 2 सही है: संसद और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के चुनाव से संबंधित विवाद।

कथन 3 सही है: संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का आदेश देना।

**Q 41. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत लक्षद्वीप, मिनिकॉय और अमीनदीवी द्वीपों को अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया, जिनका 1 नवंबर 1973 को नाम बदलकर लक्षद्वीप कर दिया गया।

दिसंबर, 1961 में, गोवा, दमन और दीव को पुर्तगाली प्रभुत्व से भारतीय क्षेत्र में मिला लिया गया और मार्च, 1962 में संसद द्वारा अधिनियमित 12 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1962 द्वारा गोवा, दमन और दीव को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। 1987 में गोवा राज्य के गठन के साथ, दमन और दीव एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बन गए।

1 नवंबर 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 द्वारा चंडीगढ़ को पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी और साथ ही एक केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया।

दादरा और नगर हवेली को 10 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1961 द्वारा 11 अगस्त 1961 से एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में भारत संघ में शामिल किया गया था।

**नोट-** केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव को 26 जनवरी, 2020 से विलय कर दिया गया।

**Q 42. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1992) के अनिवार्य प्रावधानः
- ✓ किसी गाँव या गाँवों के समूह में ग्राम सभा का गठन
- ✓ ग्राम, मध्यवर्ती तथा जिला स्तर पर पंचायतों का गठन
- ✓ राज्य चुनाव आयोग की स्थापना.

कथन 2 गलत हैः तीनों स्तरों पर पंचायतों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण।

73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1992) के स्वैच्छिक प्रावधानः
- ✓ ग्राम पंचायत के अध्यक्ष के चुनाव की पद्धति का निर्धारण करना।
- ✓ राज्य की संचित निधि से पंचायतों को सहायता अनुदान देना।
- ✓ राज्य सरकार द्वारा लगाए और वसूले जाने वाले करों, शुल्कों, टोलों और शुल्कों को पंचायत को सौंपना

**Q 43. उत्तर: C**

**व्याख्या**

राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप संसद के किसी भी सदन द्वारा शुरू किया जा सकता है। इन आरोपों पर सदन के एक-चौथाई सदस्यों (जिन्होंने आरोप तय किए) द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए और राष्ट्रपति को 14 दिनों का नोटिस दिया जाना चाहिए।

उस सदन की कुल सदस्यता के दो तिहाई बहुमत से महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद उसे दूसरे सदन में भेजा जाता है।

महाभियोग एक अर्ध न्यायिक प्रकृति को दर्शाता है क्योंकि यह विधायी और न्यायिक दोनों प्रकृति को दर्शाता है।

**Q 44. उत्तर: A**

**व्याख्या**

युग्म 1 सही हैः जब राष्ट्रपति 'विराम' का उपयोग करता है, तो वह मूल सजा के स्थान पर कम सजा देने का विकल्प चुनता है

युग्म 2 गलत हैः जब राष्ट्रपति परिहार का उपयोग करता है, तो वह सजा की अवधि को कम करने के लिए कार्य करता है, लेकिन सजा की प्रकृति वही रहती है।

युग्म 3 गलत हैः जब राष्ट्रपति 'प्रविलंबन' का उपयोग करता है; तो वह किसी सजा (विशेषकर मौत की सजा) के निष्पादन पर अस्थायी अवधि के लिए रोक लगा देता है। ऐसा करने से, वह दोषी को उससे क्षमा मांगने या सजा कम करने के लिए समय देता है।

**Q 45. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

चंपकम दोराइराजन वाद, 1951 में उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया कि मौलिक अधिकारों और निर्देशक सिद्धांतों के बीच किसी भी टकराव की स्थिति में, मौलिक अधिकार की प्रधानता होगी।

के.एस. पुट्टास्वामी वाद, 2018 में न्यायालय ने माना कि निजता का अधिकार मौलिक अधिकारों में गारंटीकृत स्वतंत्रता का अभिन्न अंग है, और यह गरिमा, स्वायत्तता और स्वतंत्रता का आंतरिक पहलू है। यह मामला सीधे तौर पर मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के बीच विवाद/संघर्ष से संबंधित नहीं था।

केशवानंद भारती मामले, 1973 में उच्चतम न्यायालय ने अपने गोलकनाथ (1967) फैसले को खारिज कर दिया और घोषणा की कि संसद संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है लेकिन वह इसकी "मूल संरचना" को नहीं बदल सकती है।

गोलकनाथ मामले, 1967 में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि निदेशक सिद्धांतों के कार्यान्वयन के लिए भी संसद द्वारा मौलिक अधिकारों में संशोधन नहीं किया जा सकता है।

**Q 46. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

मौलिक कर्तव्यों को निम्नलिखित दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जाता हैः
- ✓ ये राष्ट्रविरोधी और असामाजिक गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय ध्वज को जलाना, सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना आदि के खिलाफ चेतावनी के रूप में कार्य करते हैं।
- ✓ ये किसी कानून की संवैधानिक वैधता की जांच और निर्धारण में अदालतों की मदद करते हैं। मोहन कुमार सिंघानिया मामले (1991) में, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अनुच्छेद 51A (मौलिक कर्तव्य) का उपयोग उनकी संवैधानिकता निर्धारित करने हेतु अस्पष्ट कानूनों की व्याख्या करने के लिए किया जा सकता है।
- ✓ ये नागरिकों के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करते हैं और उनके बीच अनुशासन और प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ावा देते हैं। ये यह भावना पैदा करते हैं कि नागरिक केवल दर्शक नहीं हैं बल्कि राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्रिय भागीदार हैं।
- ✓ ये कानून द्वारा लागू करने योग्य हैं। इसलिए, संसद उनमें से किसी को पूरा करने में विफलता के लिए उचित जुर्माना या सजा लगाने का प्रावधान कर सकती है। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 जैसे कई कानून राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को दंडनीय कृत्य बनाते हैं।

**Q 47. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

29 दिसंबर, 1953 को भारत सरकार ने राज्यों की सीमाओं के पुनर्गठन की सिफारिश करने के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया।

इस आयोग की सिफारिशों के आधार पर, 1956 में संसद द्वारा अधिनियमित राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत 14 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों का निर्माण किया गया।

न्यायमूर्ति फजल अली (आयोग के अध्यक्ष) के.एम. पणिक्कर और एच.एन. कुंजरू राज्य पुनर्गठन आयोग के सदस्य थे।

इस आयोग ने मुंबई और पंजाब के विभाजन का समर्थन नहीं किया।

**Q 48. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

अनुच्छेद 47 के तहत, लोगों के पोषण स्तर और जीवन स्तर को बढ़ाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करना राज्य का प्राथमिक कर्तव्य होगा।

अनुच्छेद 51A के तहत, यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि-
- ✓ संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना,
- ✓ स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना ,
- ✓ भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने के लिए,
- ✓ देश की रक्षा करना और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सेवा प्रदान करना,

- ✓ धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीय विविधताओं से परे भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव और समान भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना और महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना।
- ✓ देश की समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और संरक्षित करना ,
- ✓ वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना तथा जीवित प्राणियों के प्रति दया रखना,
- ✓ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद, जिज्ञासा एवं सुधार की भावना विकसित करना ,
- ✓ सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा का त्याग करना,
- ✓ व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक बढ़ सके, और
- ✓ छह से चौदह वर्ष की आयु के बीच अपने बच्चे या वार्ड को शिक्षा के अवसर प्रदान करना (86वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा जोड़ा गया)।

**Q 49. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

भारत के महान्यायवादी को सरकार का कानून अधिकारी माना जाता है और देश की सभी अदालतों में इसे सुनवाई का अधिकार होता है। इसका मतलब यह है कि वह सरकार का प्रतिनिधित्व कर सकता है और उसे सुप्रीम कोर्ट सहित किसी भी अदालत में सरकार की ओर से उपस्थित होने और दलील देने का विशेषाधिकार है।

भारत के महान्यायवादी को पद पर रहते हुए निजी कानूनी प्रैक्टिस में शामिल होने की अनुमति है, और निजी प्रैक्टिस से अर्जित कोई भी फीस अटॉर्नी जनरल के रूप में सेवा करने के लिए प्राप्त वेतन से अलग है। यह प्रावधान अटॉर्नी जनरल को निजी कानूनी प्रैक्टिस जारी रखने की अनुमति देने के लिए है।

उन्हें वे सभी विशेषाधिकार और उन्मुक्ति प्राप्त हैं जो एक संसद सदस्य को उपलब्ध हैं।

**Q 50. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत, भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था शालीनता या नैतिकता, या अदालत की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध के लिए उकसाने के आधार पर नागरिकों के विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को युक्तियुक्त रूप से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

**Q 51. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

अनुच्छेद 352 के तहत जब राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा लागू रहती है तब राष्ट्रपति केंद्र और राज्यों के बीच राजस्व के संवैधानिक वितरण को संशोधित कर सकते हैं।

इसका मतलब यह है कि राष्ट्रपति केंद्र से राज्यों को वित्त हस्तांतरण (कर साझाकरण और सहायता अनुदान दोनों) को कम या रद्द कर सकता है।

**Q 52. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

कथन 1 गलत है: उपराष्ट्रपति का चुनाव वास्तव में एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं, न कि राज्यों की विधानसभाओं के।

कथन 2 गलत है: उपराष्ट्रपति को महाभियोग की कार्यवाही के माध्यम से नहीं, बल्कि राज्यसभा के प्रस्ताव द्वारा हटाया जा सकता है।

**Q 53. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल करने का समर्थन नेहरू रिपोर्ट (1928) द्वारा किया गया था, इसलिए विकल्प (A) सही उत्तर है।

**Q 54. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

संसद ने किसी व्यक्ति को राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (1951) में निम्नलिखित अतिरिक्त योग्यताएं निर्धारित की हैं:

विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले व्यक्ति को संबंधित राज्य में एक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचक होना चाहिए।

राज्यपाल के नामांकन के लिए योग्य व्यक्ति को संबंधित राज्य का निवासी होना चाहिए।

विधान सभा के लिए निर्वाचित होने वाले व्यक्ति को संबंधित राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक होना चाहिए।

**Q 55. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

अनुच्छेद 41 के तहत राज्य, अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमा के भीतर, काम करने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और बेरोजगारी, बुढ़ापा, बीमारी और विकलांगता के मामलों में और अवांछित अभाव के अन्य मामलों में सार्वजनिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रभावी प्रावधान करेगा।

अनुच्छेद 42 के तहत राज्य काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने के लिए और प्रसूति सहायता के लिए उपबंध करेगा।

अनुच्छेद 43 A के तहत राज्य किसी भी उद्योग में लगे उपक्रमों, प्रतिष्ठानों या अन्य संगठनों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी को सुरक्षित करने के लिए उपयुक्त कानून या किसी अन्य तरीके से कदम उठाएगा।

अनुच्छेद 43 के तहत, राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत या सहकारी आधार पर कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा।

**Q 56. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

धन विधेयक केवल विधानसभा में पेश किया जा सकता है, विधान परिषद में नहीं।

विधान परिषद केवल बजट पर चर्चा कर सकती है लेकिन अनुदान की मांगों पर मतदान नहीं कर सकती।

राज्य लोक सेवा आयोग के अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने के संबंध में राज्य विधान परिषद, राज्य विधान सभा के साथ समान शक्ति साझा करती है।

**Q 57. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

संविधान में नीति निदेशक सिद्धांतों का कोई वर्गीकरण नहीं किया गया है। हालाँकि, इसकी विषय वस्तु और दिशा के आधार पर, उन्हें तीन व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है: अर्थात, समाजवादी, गांधीवादी और उदार-बौद्धिक।

निदेशक सिद्धांतों का उद्देश्य भारतीय संविधान में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को शामिल करना है। नीति निर्देशक तत्व देश में आर्थिक एवं सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना करना चाहते हैं। राजनीतिक लोकतंत्र की स्थापना मौलिक अधिकारों से होती है।

**Q 58. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

पैरोल किसी कैदी को सजा के निलंबन के साथ रिहा करने की एक प्रणाली है। यह रिहाई आमतौर पर कैदी के व्यवहार के आधार पर निर्धारित अवधि के लिए सशर्त होती है और उसे समय-समय पर अधिकारियों को रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है।

पैरोल (या फरलो) का उद्देश्य जेल प्रणाली को मानवीय बनाना है और यह 1894 के जेल अधिनियम के तहत शासित होता है। पैरोल किसी कैदी का अधिकार नहीं है और यह केवल किसी विशेष कारण या परिस्थिति (जैसे परिवार में मृत्यु या खून के रिश्ते में किसी का विवाह) के आधार पर दी जाती है।

भले ही कैदी पैरोल के लिए पर्याप्त आधार प्रस्तुत करता है, सक्षम प्राधिकारी इसे अस्वीकार कर सकता है यदि, उसकी राय में, कैदी की रिहाई समाज के हित में नहीं है या ऐसी आशंका है कि रिहाई पर कैदी फरार हो सकता है।

अक्सर मौत की सजा पाने वाले कैदी को भी पैरोल पर रिहा नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त, कई हत्याओं के दोषी या आतंकवाद विरोधी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दोषी ठहराए गए कैदी भी पैरोल के लिए पात्र नहीं हैं।

'जेलें और उनमें निरुद्ध व्यक्ति' संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची का विषय है और राज्य सरकारों ने जेल अधिनियम के तहत किसी कैदी को पैरोल पर रिहा करने के लिए अपने नियम बनाए हैं।

पैरोल राज्य कार्यकारिणी द्वारा प्रदान की जाती है। जेल अधिकारी इस संबंध में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देते हैं और पैरोल देने का निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा मानवीय आधार पर लिया जाता है।

**Q 59. उत्तर: D**

**व्याख्या :**

अनुच्छेद 39 के तहत राज्य, विशेष रूप से, अपनी नीति को सुनिश्चित करने की दिशा में निर्देशित करेगा-

- ✓ नागरिकों, पुरुषों और महिलाओं को समान रूप से, आजीविका के पर्याप्त साधन का अधिकार है
- ✓ समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार वितरित किया जाता है कि आम भलाई के लिए सर्वोत्तम संभव हो सके
- ✓ आर्थिक व्यवस्था के संचालन के परिणामस्वरूप धन और उत्पादन के साधनों का आम नुकसान के लिए संकेन्द्रण नहीं होता है
- ✓ पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान काम के लिए समान वेतन हो।

**Q 60. उत्तर: D**

**व्याख्या :**

अनुच्छेद 36 के अनुसार, भाग IV में 'राज्य" शब्द का वही अर्थ है जो भाग III में है। इसलिए, इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के विधायी और कार्यकारी अंग, सभी स्थानीय प्राधिकरण और देश के अन्य सभी सार्वजनिक प्राधिकरण शामिल हैं। इस तरह ये न सिर्फ विधायिका के लिए बल्कि कार्यपालिका के लिए भी निर्देश हैं।

राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का उल्लेख संविधान के भाग IV (भाग VI में नहीं) में अनुच्छेद 36 से 51 तक किया गया है।

**Q 61. उत्तर: D**

**व्याख्या**

कथन 1 गलत है: प्रश्नकाल के विपरीत, प्रक्रिया के नियमों में शून्यकाल का उल्लेख नहीं है। इस प्रकार, संसद में बिना किसी पूर्व सूचना के मामले उठाना सदस्यों के लिए उपलब्ध एक अनौपचारिक उपकरण है।

कथन 2 गलत है: अल्प सूचना प्रश्न वह है जो दस दिन से कम का नोटिस देकर पूछा जाता है। इसका उत्तर मौखिक रूप से दिया जाता है।

**Q 62. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

मौलिक अधिकारों से संबंधित निर्णयों की सही समय सीमा इस प्रकार है:

- ✓ गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967)
- ✓ केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973)
- ✓ मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980)
- ✓ ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य (1950)

**Q 63. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

इस समिति की उत्पत्ति का पता 1921 में स्थापित स्थायी वित्तीय समिति से लगाया जा सकता है।

स्वतंत्रता के बाद के काल में पहली प्राक्कलन समिति का गठन 1950 में तत्कालीन वित्त मंत्री जॉन मथाई की सिफारिश पर किया गया था।

मूल रूप से इसमें 25 सदस्य थे लेकिन 1956 में इसकी सदस्यता बढ़ाकर 30 कर दी गई। सभी तीस सदस्य केवल लोकसभा से हैं। इस समिति में राज्यसभा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

**Q 64. उत्तर: A**

**व्याख्या :**

कथन 1 सही है: राज्यसभा की तरह, विधान परिषद एक सतत सदन है, अर्थात यह एक स्थायी निकाय है और इसका विघटन नहीं होता है।

कथन 2 गलत है: इसके एक तिहाई सदस्य हर दूसरे वर्ष की समाप्ति पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। तो,हर सदस्य छह साल तक उस पद पर रहता है।

कथन 3 गलत है: रिक्त सीटें हर तीसरे वर्ष की शुरुआत में नए चुनावों और नामांकन (राज्यपाल द्वारा) द्वारा भरी जाती हैं। सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य भी पुनः चुनाव और पुनःः नामांकन के लिए पात्र होते हैं।

**Q 65. उत्तर: C**

**व्याख्या**

अनुच्छेद 23: मानव तस्करी और जबरन श्रम का निषेध।—(1) मानव तस्करी और बेगार और इसी तरह के अन्य जबरन श्रम निषिद्ध हैं और

इस प्रावधान का कोई भी उल्लंघन कानून के अनुसार दंडनीय अपराध होगा। (2) इस अनुच्छेद में कुछ भी राज्य को सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए अनिवार्य सेवा लागू करने से नहीं रोकेगा, और ऐसी सेवा लागू करने में राज्य केवल धर्म, नस्ल, जाति या वर्ग या उनमें से किसी के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगा।

अनुच्छेद 24ः कारखानों आदि में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध - चौदह वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या किसी अन्य खतरनाक रोजगार में नहीं लगाया जाएगा।

**Q 66. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

इनमें से कुछ नैतिक कर्तव्य हैं जबकि अन्य नागरिक कर्तव्य हैं। उदाहरण के लिए, स्वतंत्रता संग्राम के महान आदर्शों को संजोना एक नैतिक सिद्धांत है और संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना एक नागरिक कर्तव्य है।

कुछ मौलिक अधिकारों के विपरीत, जो सभी व्यक्तियों पर लागू होते हैं, चाहे वे नागरिक हों या विदेशी, मौलिक कर्तव्य केवल नागरिकों तक ही सीमित हैं और विदेशियों पर लागू नहीं होते हैं।

**Q 67. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 (1) में कहा गया है कि सभी अल्पसंख्यकों को, चाहे वे धर्म या भाषा पर आधारित हों, अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन करने का अधिकार होगा।

अनुच्छेद 30 (2) के अनुसार, राज्य शैक्षणिक संस्थानों को सहायता देने में किसी भी शैक्षणिक संस्थान के साथ इस आधार पर भेदभाव नहीं करेगा कि यह धर्म या भाषा के आधार पर किसी अल्पसंख्यक के प्रबंधन के अधीन है।

स्पष्ट रूप से, अनुच्छेद 30 अल्पसंख्यक शब्द को परिभाषित नहीं करता है और भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को मान्यता देता है।

**Q 68. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

भारत का संविधान (अनुच्छेद 148) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के एक स्वतंत्र कार्यालय का प्रावधान करता है। भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग 1753 में ब्रिटिश शासन के दौरान बनाया गया था।

CAG भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग का प्रमुख है। वह सार्वजनिक धन का संरक्षक है और केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है।

उनका कर्तव्य वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में भारत के संविधान और संसद के कानूनों को बनाए रखना है। यही कारण है कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने कहा था कि CAG भारत के संविधान के तहत सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी होगा। वह भारत में सरकार की लोकतांत्रिक प्रणाली के प्रतीकों में से एक हैः अन्य हैं सर्वोच्च न्यायालय, चुनाव आयोग और संघ लोक सेवा आयोग।

**Q 69. उत्तर:C**

**व्याख्या :**

राष्ट्रपति की पूर्व अनुशंसा में कराधान को प्रभावित करने वाले विधेयकों की आवश्यकता होती है जिनमें राज्यों की रुचि होती है।

कथन 1 और 2 सही हैः संसद में कुछ प्रकार के विधेयक पेश करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्व अनुशंसा या अनुमति की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, भारत की संचित निधि से व्यय से संबंधित विधेयक, या राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन या नए राज्य के निर्माण के लिए विधेयक।

कथन 3 गलत हैः एक संवैधानिक संशोधन विधेयक या तो एक मंत्री या एक निजी सदस्य द्वारा पेश किया जा सकता है और इसके लिए राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।

कथन 4 सही हैः धन विधेयक केवल राष्ट्रपति की पूर्व अनुशंसा से ही संसद में पेश किया जा सकता है

**Q 70. उत्तर: A**

**व्याख्या :**

42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भारतीय संविधान के भाग (IV A) में अनुच्छेद 51A को शामिल करके भारतीय नागरिकों के लिए 10 मौलिक कर्तव्य प्रदान किए गए।

86 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा इसमें एक मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया, जिससे इनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई।

44 वें और 48 वें संशोधन में कोई मौलिक कर्तव्य नहीं जोड़ा गया है।

**Q 71. उत्तर- D**

**व्याख्या :**

भारत के राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपाल को निम्नलिखित छूट प्राप्त है (अनुच्छेद 361):

- ✓ राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद की शक्तियों और कर्तव्यों के प्रयोग और प्रदर्शन के लिए किसी भी न्यायालय के प्रति जवाबदेह नहीं है।
- ✓ राष्ट्रपति या राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी भारतीय अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी।
- ✓ राष्ट्रपति या राज्यपाल की गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी भारतीय अदालत से जारी नहीं की जाएगी।
- ✓ भारत के राज्यपाल या राष्ट्रपति के विरुद्ध किसी दीवानी मामले के लिए दो महीने के नोटिस की आवश्यकता होती है। तीसरा कथन गलत है क्योंकि राष्ट्रपति या राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान नागरिक कार्यवाही शुरू की जा सकती है, लेकिन दो महीने का नोटिस आवश्यक है।

**Q 72. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

अनुच्छेद 51A के तहत स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर 1976 में 42वें संशोधन द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को संविधान में जोड़ा गया था, यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा -

- ✓ संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना;
- ✓ उन महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित किया;
- ✓ भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना;
- ✓ देश की रक्षा करना और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सेवा प्रदान करना;

- ✓ धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीय विविधताओं से परे भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव और समान भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना; महिलाओं की गरिमा के प्रति अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना;
- ✓ हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और संरक्षित करना;
- ✓ जंगलों, झीलों, नदियों, वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया रखना;
- ✓ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद तथा जांच एवं सुधार की भावना का विकास करना;
- ✓ सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा का त्याग करना;
- ✓ व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक बढ़ सके;
- ✓ माता-पिता या अभिभावक जो भी, उसे छह से चौदह वर्ष की आयु के अपने बच्चे या, जैसा भी मामला हो, को शिक्षा के अवसर प्रदान करने होंगे।

**Q 73. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

संविधान के अनुच्छेद 64 के प्रावधान के अनुसार, यदि भारत के उपराष्ट्रपति को अनुच्छेद 65 के तहत किसी भी कारण से राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति के कर्तव्यों का निर्वहन करना पड़ता है, तो उपराष्ट्रपति इस दौरान राज्यसभा का सभापति नहीं रहेगा।

संविधान के अनुच्छेद 91(1) के अनुसार, उस अवधि के दौरान जब राज्यसभा के सभापति का पद रिक्त होता है या उस अवधि के दौरान जब उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहा होता है या कार्यों का निर्वहन कर रहा होता है, उपसभापति अध्यक्ष के कर्तव्य का निर्वहन करेगा।

अनुच्छेद 65(3) के अनुसार, इस अवधि के दौरान उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति की परिलब्धियाँ प्राप्त होंगी।

राष्ट्रपति (कार्यों का निर्वहन) अधिनियम, 1969 के अनुसार, यदि उपराष्ट्रपति इस अवधि के दौरान इस्तीफा दे देता है, तो भारत के मुख्य न्यायाधीश भारत के राष्ट्रपति के पद का निर्वहन करेंगे।

**Q 74. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने वाले व्यक्ति के पास निम्नलिखित योग्यताएं होनी चाहिए:

- ✓ वह भारत का नागरिक होना चाहिए.
- ✓ वह पांच साल तक किसी उच्च न्यायालय (या लगातार उच्च न्यायालय) का न्यायाधीश रहा हो।
- ✓ उसे दस वर्षों तक किसी उच्च न्यायालय (या लगातार उच्च न्यायालय) का वकील होना चाहिए।
- ✓ राष्ट्रपति की राय में उसे एक प्रतिष्ठित न्यायविद होना चाहिए।

**Q 75. उत्तर: D**

**व्याख्या :**

पारिवारिक न्यायालय अधिनियम, 1984 की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- ✓ यह उच्च न्यायालयों के परामर्श से राज्य सरकारों द्वारा पारिवारिक न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान करता है।
- ✓ यह राज्य सरकारों के लिए दस लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक शहर या कस्बे में एक पारिवारिक न्यायालय स्थापित करना अनिवार्य बनाता है।
- ✓ यह राज्य सरकारों को अन्य क्षेत्रों में भी पारिवारिक न्यायालय स्थापित करने में सक्षम बनाता है, यदि वे इसे आवश्यक समझते हैं। यह विशेष रूप से पारिवारिक न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के भीतर वैवाहिक राहत जिसमें विवाह की शून्यता, न्यायिक तलाक, दांपत्य की बहाली, या विवाह की वैधता या किसी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति के बारे में घोषणा से संबंधित मामलों को शामिल करता है।
- ✓ यह साक्ष्य और प्रक्रिया के नियमों को सरल बनाता है ताकि पारिवारिक न्यायालय किसी विवाद से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम हो सके।
- ✓ यह अपील के केवल एक अधिकार का प्रावधान करता है जो उच्च न्यायालय में होगा।

**Q 76. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

कथन 1 सही है: उपराष्ट्रपति अपने कार्यालय में प्रवेश करने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करता है।

कथन 2 सही है: उपराष्ट्रपति अपने उत्तराधिकारी के कार्यभार संभालने तक पांच साल के कार्यकाल से अधिक अवधि तक पद पर रह सकता है। वह उस पद के लिए पुनः निर्वाचन हेतु भी पात्र है। वह कितनी भी बार के लिए निर्वाचित हो सकता है।

कथन 3 गलत है: उपराष्ट्रपति किसी भी समय राष्ट्रपति को त्यागपत्र देकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है। उसे कार्यकाल पूरा होने से पहले पद से हटाया भी जा सकता है।

**Q 77. उत्तर.A**

**व्याख्या :**

संविधान के भाग V में अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय के गठन, स्वतंत्रता, अधिकार क्षेत्र, शक्तियों, प्रक्रियाओं आदि से संबंधित हैं। संसद को इन्हें विनियमित करने का अधिकार भी है।

भारत की संसद को कानून बनाने, क्षेत्राधिकार व्यवस्थित करने और सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों को संशोधित करने का अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या संसद द्वारा कानून बनाकर बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के ऐसे अन्य न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश के अलावा अन्य उच्च न्यायाधीश के परामर्श के बाद की जाती है।

**Q 78. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के पद रिक्त हो जाते हैं तो राष्ट्रपति लोकसभा के किसी भी सदस्य को इसकी कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए नियुक्त कर सकता है।

इसी प्रकार, वह राज्यसभा के किसी भी सदस्य को इसकी कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए नियुक्त कर सकता है जब सभापति और उपसभापति दोनों के पद रिक्त हो जाते हैं।

**Q 79. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300 के अनुसार, भारत सरकार का कानूनी नाम 'भारत संघ' है। इस अनुच्छेद के खंड (1) के अनुसार, भारत सरकार भारत संघ के नाम पर मुकदमा कर सकती है या मुकदमा दायर कर सकती है।

**Q 80. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

अधिकार पृच्छा

- ✓ इसका शाब्दिक अर्थ है 'किस अधिकार या वारंट से'। यह किसी सार्वजनिक पद पर किसी व्यक्ति के दावे की वैधता की जांच करने के लिए न्यायालय द्वारा जारी किया जाता है। अतः यह किसी व्यक्ति द्वारा लोक कार्यालय के अवैध अनाधिकार ग्रहण करने को रोकता है ।
- ✓ यह रिट तभी जारी किया जा सकता है जब किसी क़ानून या संविधान द्वारा बनाए गए स्थायी चरित्र का वास्तविक सार्वजनिक कार्यालय शामिल हो, इसे निजी या मंत्री कार्यालय के विरुद्ध जारी नहीं किया जा सकता
- ✓ अन्य चार रिट (बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, निषेध, उत्प्रेषण) के विपरीत, इसकी मांग पीड़ित आलावा किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा की जा सकती है।

**Q 81. उत्तर: A**

**व्याख्या :**

राज्यों द्वारा लगाए गए, एकत्र किए गए और रखे गए करः

- ✓ भू-राजस्व
- ✓ कृषि आय पर कर
- ✓ कृषि भूमि के उत्तराधिकार के संबंध में शुल्क
- ✓ कृषि भूमि के संबंध में संपत्ति शुल्क
- ✓ भूमि और भवनों पर कर
- ✓ खनिज अधिकारों पर कर
- ✓ मानव उपभोग के लिए मादक शराब, अफीम, भारतीय गांजा और अन्य नशीली दवाओं और नशीले पदार्थों पर उत्पाद शुल्क।

**Q 82. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

संघीय वित्त आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया जाता है जबकि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

लोक लेखा समिति की स्थापना लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को मिलाकर की जाती है। जबकि इसके अध्यक्ष की नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

संविधान के अनुच्छेद 281, 151(1) और 338(6) के तहत राष्ट्रपति द्वारा संघीय वित्त आयोग की सिफारिशें, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की जाती हैं।

**Q 83. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

73वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से भारत के संविधान में एक नया भाग-IX जोड़ा गया। इस भाग का शीर्षक 'पंचायतें' है और इसमें अनुच्छेद 243 से 243 (O) तक के प्रावधान शामिल हैं।

इस अधिनियम के माध्यम से संविधान में एक नई ग्यारहवीं अनुसूची जोड़ी गई। इस अनुसूची में पंचायतों की 29 कार्यात्मक विषय शामिल हैं। यह अनुच्छेद 243(G) से संबंधित है।

